page 1_Layout 1 08-10-2026 21:32 Page 1

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शुक्रवार , 9 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :167 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



खंडवा के कोविद ने शंघाई में चमकाया भारत का नाम

वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

खंडवा। मध्य प्रदेश के कोविद अजय गंगराड़े ने चीन के शंघाई में आयोजित WorldSkills Competition 2026 में भारत के लिए रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। कोविद ने Digital Interactive Media Design श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में करीब 70 देशों के 1,400 से अधिक युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। भारत ने प्रतियोगिता में 70 प्रतिभागियों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा और कुल 6 सिल्वर मेडल तथा 20 Medal for E&cellence हासिल किए। कोविद ने इस उपलब्धि के लिए करीब एक साल तक कड़ी तैयारी की। वह NIFT मुंबई के छात्र हैं। उनकी उपलब्धि Digital Interactive Media Design में भारत का पहला पदक भी बताई गई है।

प्रधानमंत्री मोदी से मिलीं शिंजो आबे की पत्नी अकी

डेली आवाज भारती

बोलीं- मैं आंसू रोक नहीं पाई



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जापान के पूर्व पीएम दिवंगत शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मिले। पीएम मोदी ने इस मुलाकात पर खुशी जताते हुए भारत के साथ उनके रिश्ते को याद किया। वहीं अकी ने कहा कि वो प्रधानमंत्री से मिलकर काफी भावुक हो गई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, जापान के पूर्व पीएम दिवंगत शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मिलकर खुशी हुई। भारत के साथ उनके लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव की मैं बहुत कद्र करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, 'आबे-सान (जापानी सम्मानसूचक शब्द जैसे हिंदी में श्रीमान) एक करीबी दोस्त और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अहम भूमिका निभाई। बुधवार को वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में 'आबे मेमोरियल कॉरिडोर' का उद्घाटन, भारत-जापान दोस्ती में उनके अमूल्य योगदान के लिए एक उचित सम्मान है।' वहीं, अकी ने इसे भावुक कर देने वाली मुलाकात बताया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान जो अपनापन महसूस हुआ, उसने मेरी आंखें भिगो दीं। आंसू बहने लगे। जापान और भारत के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए मैं हर संभव प्रयास करना चाहती हूं। मेरे पति निश्चित रूप से हमारे साथ वहां मौजूद रहे होंगे।' बुधवार (7 अक्टूबर) को वाराणसी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अकी आबे के साथ कॉरिडोर का अनावरण किया था। मुख्यमंत्री योगी ने इसे उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता, प्रधानमंत्री मोदी और 140 करोड़ भारतवासियों की ओर से आबे को विनम्र श्रद्धांजलि बताया था। दरअसल शिंजो आबे 2015 में भारत दौरे के समय काशी भी गए थे और पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ गंगा आरती भी की थी। इस दौरान उन्होंने काशी को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर की भेंट जापान की ओर से दी थी। अब उनके निधन के बाद रुद्राक्ष में मेमोरियल कारिडोर उनकी स्मृद्धतयों को भी संरक्षी त रखेगा।

भारत-ग्रीस ने रक्षा और रणनीतिक सहयोग पर चर्चा की

- **कहा, ग्रीस भारत के साथ समुद्री सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध**

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। भारत और ग्रीस ने गुरुवार को समुद्री सहयोग, तटीय सुरक्षा और जहाज निर्माण पर जोर देते हुए रक्षा और रणनीतिक सहयोग पर चर्चा की। गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और ग्रीस के समुद्री मामलों और द्वीपीय नीति के उप मंत्री स्टेफानोस गिकिकास के बीच हुई बैठक में ये चर्चाएं हुईं। रक्षा मंत्रालय ने कहा, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने 8 अक्टूबर, 2026 को नई दिल्ली में ग्रीस के समुद्री मामलों और द्वीपीय नीति के उप मंत्री स्टेफानोस गिकिकास से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने भारत और ग्रीस के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग पर चर्चा की, जिसमें समुद्री सहयोग, तटीय सुरक्षा और जहाज निर्माण पर खास जोर दिया गया। मंत्रालय ने आगे कहा, दो प्रमुख समुद्री देशों के तौर पर, भारत और ग्रीस के समुद्री क्षेत्र में साझा हित और सरोकार हैं, जिसमें नाविकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत भी शामिल है। गिकिकास 'सागरमंथन - द ग्रेट ओशन्स डायलॉग 2026' में शामिल होने के लिए भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। 1 अक्टूबर को ग्रीस में भारत के राजदूत रवि शंकर के साथ अपनी बैठक के दौरान गिकिकास ने कहा था कि ग्रीस भारत के साथ समुद्री सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मुलाकात के बाद ग्रीस में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, राजदूत रवि शंकर ने आज समुद्री मामलों और द्वीपीय नीति के उप मंत्री स्टेफानोस गिकिकास से मुलाकात की। दूतावास ने आगे कहा, उप मंत्री ने कहा कि ग्रीस भारत के साथ समुद्री सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और 'सागरमंथन-द ग्रेट ओशन्स डायलॉग 2026 में शामिल होने के लिए भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा को लेकर उत्साहित हैं। जुलाई में, रवि शंकर ने हेलेनिक वायु सेना जनरल स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल डेमोस्थेनेस ग्रिगोरियाडिस से मुलाकात की थी और दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच चल रही सहयोग पहलों पर चर्चा की।

भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक में दोगुनी होकर 8 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो सकती है : रिपोर्ट



नई दिल्ली । एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था अगले एक दशक में दोगुनी होकर 8 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो सकती है। वैश्विक निवेश फर्म केकेआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि संरचनात्मक सुधारों, बुनियादी ढांचे में लगातार निवेश और अर्थव्यवस्था के औपचारिककरण ने देश की विकास क्षमता को मजबूत किया है और यह वैश्विक निवेशकों के लिए बड़े अवसर पैदा कर रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत पहले ही 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का आंकड़ा पार कर चुका है और मौजूदा आर्थिक गति को देखते हुए अगले 10 वर्षों में दोबारा अपने आकार को दोगुना करने की राह पर है।

सरकार अगले महीने एआई संबंधी नियमों पर जारी करेगी परामर्श पत्र : अश्विनी वैष्णव



नई दिल्ली । केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि सरकार अगले महीने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संबंधी नियमों पर एक परामर्श पत्र जारी करेगी, जिसका मुख्य उद्देश्य एआई के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करना और तेजी से बढ़ते डीपफेक खतरे से निपटना होगा।

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि वह विभाग से अनुरोध करेंगे कि एआई नियमन पर एक ऐसा चर्चा पत्र तैयार किया जाए, जिसका प्रमुख फोकस सुरक्षा हो। उन्होंने कहा कि एआई के उपयोग से जुड़ा सबसे बड़ा मुद्दा सुरक्षा है और इसे गंभीरता से संबोधित करने की आवश्यकता है।

टीसीएस का दूसरी तिमाही में मुनाफा 4 प्रतिशत बढ़ा, आय 73 हजार करोड़ रुपए से अधिक रही



मुंबई । देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के नतीजे गुरुवार को जारी किए। इस दौरान कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा तिमाही आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपए रहा है। इससे पहले जून तिमाही में कंपनी को 13,349 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। इसमें 668 करोड़ रुपए का असाधारण नुकसान शामिल था, जो कि एक कानूनी दावे से जुड़ा हुआ था। वित्त वर्ष 27 की सितंबर तिमाही में कंपनी की ऑपरेशन से कंसोलिडेटेड आय तिमाही आधार पर बढ़कर 73,188 करोड़ रुपए हो गई है।

सभी साथ हैं और साथ रहेंगे...

परगट सिंह, सचिन पायलट ने हरमंदिर साहिब में टेका माथा

गुरु के दरबार से कांग्रेस ने शुरू किया नया चैप्टर



डेली आवाज भारती

पंजाब कांग्रेस के नए अध्यक्ष परगट सिंह और पार्टी के पंजाब प्रभारी एवं महासचिव सचिन पायलट गुरुवार को अमृतसर पहुंच माथा टेका । दोनों नेताओं ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेका और गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सियासी चर्चाओं से दूरी बनाए रखते हुए इसे पार्टी के लिए नई शुरुआत बताया। हरमंदिर साहिब में नतमस्तक होने के बाद परगट सिंह ने कहा कि वे गुरु साहिब का शुक्रिया अदा करने और आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा बाद में होगी। परगट सिंह ने कहा कि जिस दरबार में वे खड़े हैं, वहां न तो आक्रमणकारियों को जगह मिली और न ही नफरत की राजनीति को स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि अभी उनका मकसद केवल गुरु का आशीर्वाद लेना है और राजनीति पर चर्चा एक-दो दिन बाद की जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने श्री हरमंदिर साहिब के साथ दुर्गियाना मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। कांग्रेस नेता विजय इंदर सिंगला ने कहा कि पूरी कांग्रेस लीडरशिप गुरु का आशीर्वाद लेने पहुंची है।

2027 पर नजर, सत्ता में वापसी का दावा

विपक्ष के '25 साल के कॉन्ट्रैक्ट' वाले तंज पर सिंगला ने कहा कि सत्ता किसी के नाम स्थायी रूप से लीज पर नहीं होती। उन्होंने कहा कि राजा वड़िंग ने करीब साढ़े चार साल पंजाब कांग्रेस की कमान संभाली और अब यह जिम्मेदारी परगट सिंह को मिली है। सिंगला ने दावा किया कि नई टीम मिलकर संगठन को मजबूत करेगी और जनता के समर्थन से 2027 में पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनाने की दिशा में काम करेगी।

जीएसटी कौंसिल में बदले कई नियम... अब टैक्स अफसर नहीं कर सकेंगे गिरफ्तारी

छोटे कारोबारियों को भी राहत

डेली आवाज भारती



वित्त मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि जीएसटी परिषद ने कर अधिकारियों को मिला गिरफ्तारी का अधिकार खत्म करने का फैसला किया है। अभियोजन की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये की गई।

जीएसटी परिषद ने ई-कॉमर्स मंचों पर छोटे विक्रेताओं के लिए नियम आसान करने को मंजूरी दी। माल एवं सेवा कर परिषद ने वीरवार को जीएसटी अधिकारियों के गिरफ्तारी के अधिकार को खत्म करने और अभियोजन शुरू करने की सीमा को एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये करने को मंजूरी दी। वित्त मंत्रालय ने कहा, %%कर दरों का ढांचा तय हो चुका है, इसलिए परिषद का ध्यान अब इस बात पर है कि कर व्यवस्था रोजमर्रा में कैसे काम करती है।%% मंत्रालय ने यह भी कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव अब साल में एक बार ही किया जाएगा। जीएसटी परिषद ने अपनी 57वीं बैठक में इनपुट टैक्स क्रेडिट के दावों के संबंध में अधिकारियों की एक समिति गठित करने का फैसला किया है। यह समिति इस बात की जांच करेगी कि उचित बिल रखने वाले, माल प्राप्त कर चुके और आपूर्तिकर्ता को पूरा भुगतान कर चुके वास्तविक खरीदार को किस तरह संरक्षण दिया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा, 'अधिकारियों की समिति तीन महीने के भीतर अध्ययन पूरी करेगी और अगली परिषद की बैठक में इस एजेंडा को रखा जाएगा%%। जीएसटी परिषद ने जीएसटी अधिकारियों की गिरफ्तारी का अधिकार खत्म कर दिया है। साथ ही अभियोजन शुरू करने की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दी गई है। न्यूनतम सजा का प्रावधान भी हटा दिया गया है और प्रत्येक मामले में जुर्माना, कारावास या दोनों में से सजा का निर्धारण न्यायिक विवेक पर छोड़ दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि जहां किसी विशेष उल्लंघन के लिए कोई विशिष्ट जुर्माना निर्धारित नहीं है, वहां लागू होने वाला सामान्य जुर्माना 25,000 रुपये से घटाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है।

जीएसटी परिषद की 57वीं बैठकः अब केवल 10 दिन में स्वीकार होगा रिफंड का दावा



नई दिल्ली। जीएसटी परिषद की गुरुवार को हुई 57 वीं बैठक में देश में व्यापार में आसानी को बढ़ाने के लिए कई फैसले लिए गए, जिसमें रिफंड प्रक्रिया को तेज करना और आईटीसी का विस्तार भी शामिल हैं। जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में रिफंड प्रोसेस को तेज बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके तहत अब रिफंड क्लेम को स्वीकार करने की अवधि को 15 दिनों से घटाकर 10 दिन कर दिया गया है। अगर इस समय-सीमा के अंदर न तो कोई रिफंड क्लेम स्वीकार होता है और न ही इसमें किसी कमी के बारे में सूचना जारी की जाती है, तो क्लेम को स्वीकार किया हुआ माना जाएगा।

शिरोमणी अकाली दल ने नगर निगम चुनावों के संचालन में घोर उल्लंघन के सुप्रीम कोर्ट के निष्कर्षों के बाद गवर्नर से एसईसी राज कमल चौधरी को बर्खास्त करने की अपील की

- **मुख्यमंत्री बताएं कि उनके आश्वासन के बावजूद पराली जलाने के लिए किसानों के खिलाफ एफआईआर क्यों दर्ज की जा रही**

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल ने आज पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी को बर्खास्त करने का आग्रह किया क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि दिसंबर 2024 के नामांकन और उसके बाद नगरपालिका चुनाव प्रक्रिया में हिंसा, धमकी और रूकावट डालने से बुरी तरह प्रभावित हुई थी।

यहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए अकाली दल के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने उन सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की, जिन्होंने नगर निगम चुनावों में धांधली करने में आम आदमी पार्टी सरकार की की सहायता की और उन्हें कड़ी सजा सुनिश्चित करने का आहवान किया। डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने इस बारे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति निर्मलजीत कौर की अध्यक्षता में गठित न्यायालय द्वारा नियुक्त तथ्य-जांच आयोग ने पुष्टि की है कि विपक्षी उम्मीदवारोंके साथ शारीरिक मारपीट की गई और उन्हें नामांकन दाखिल करने से रोका गया, यां जबरन नामांकन वापिस लेने के लिए मजबूर किया गया और इसके कारण फर्जी मतदान हुआ।

उन्होंने कहा,'' इससे हमारे दावे की पुष्टि होती है कि श्री राज कमल चैधरी ने चुनावों को प्रभावित करने के लिए नागरिक और पुलिस मशीनरी का दुरूपयोग के संबंध में हमारे द्वारा दर्ज की गई सभी शिकायतों को अनसुना कर दिया था। अब यह बिना किसी संदेह के साबित हो गया है कि राज्य चुनाव आयुक्त ने अपने कार्यकाल में बुनियादी स्तर पर लोकतंत्र की हत्या की और उन्हें पद पर बने रहने का कोई अधिकार नही है।'

भगवंत मान सरकार ने श्री आनंदपुर साहिब के पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए 3 सदस्यीय एसआईटी का किया गठन : बलतेज पन्नू

- **लोगों और सिख संगठनों के उठाए सभी अनसुलझे सवालों के जवाब दिए जाएंगेः बलतेज पन्नू**

डेली आवाज भारती






चंडीगढ़। आप पंजाब मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने गुरुवार को एक बार फिर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और श्री आनंदपुर साहिब सराय मामले पर एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी और इसके 'चीफ पैट्रन' सुखबीर सिंह बादल से जवाब मांगा। उन्होंने एसजीपीसी सराय में महिला के रहने, इलाज के लिए 1 लाख देने और रजिस्टर में गड़बड़ियों के बारे में एसजीपीसी प्रधान द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर सवाल उठाए। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आप पंजाब मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने श्री आनंदपुर साहिब में हुई पूरी घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी का पंजाब पुलिस ऑफिसर गुरबंस सिंह बैंस नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि सिमरनजीत सिंह लंग और करण सिंह संधू इसके मेंबर हैं। इस जांच से कई ऐसे सवाल सुलझ जाएंगे जो अब तक अनसुलझे हैं। उन्होंने आगे कहा, जांच से पता चलेगा कि महिला बहरीन से कैसे आई, श्री आनंदपुर साहिब में एसजीपीसी सराय में उसके आने और रहने का इंतज़ाम किसने किया, उसे क्या इंतज़ाम और सुविधाएँ दी गई, इन सुविधाओं को किसने मंजूरी दी, और उसे महीनों तक वहाँ कैसे रहने की इजाज़त कैसे दी गई। आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज ने दावा किया, ÷भगवंत सिंह मान सरकार ने अब पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं, जिससे कई ऐसे सवालों के जवाब मिल जाएँगे जो अब तक अनसुलझे थे। यह मुद्दा किसी संस्था को बदनाम करने का नहीं है। एसजीपीसी एक सम्मानीय संस्था है, लेकिन अगर इसके मैनेजमेंट और श्री आनंदपुर साहिब में हुई घटनाओं पर सवाल उठे हैं, तो उन सवालों के जवाब मिलने चाहिए। जनता और अलग-अलग सिख संगठनों द्वारा उठाए जा रहे सवालों के बाद सरकार ने अब औपचारिक जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने विस्तार से बताया, कई दिन बीत जाने के बाद भी एसजीपीसी ने पंथ से निकाले गए व्यक्तियों के बारे में अपने गुरुद्वारों के बाहर बोर्ड नहीं लगाए हैं। उन्होंने पूछा कि अगर एसजीपीसी कहती है कि यह सुनिश्चित करना उसकी ड्यूटी है कि संदेश सब तक पहुंचे, तो यह बोर्ड अभी तक एसजीपीसी प्रबंधकिये गुरुद्वारे में क्यों नहीं लगाए गए।

महाराष्ट्र के पालघर में महसूस किए गए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.7 दर्ज

डेली आवाज भारती



मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर जिले में गुरुवार शाम भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने %एक्स% पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इसके मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई, जो कम तीव्रता की श्रेणी में आती है। एनसीएस के अनुसार, भूकंप का समय 8 अक्टूबर, शाम 7 बजकर 16 मिनट 20 सेकेंड (आईएसटी) रहा। भूकंप का केंद्र अक्षांश 20.109 और देशांतर 72.948 पर स्थित था। जमीन से इसकी गहराई 7 किलोमीटर दर्ज की गई है। एजेंसी के अनुसार भूकंप का स्थान नासिक (महाराष्ट्र) से 88 किलोमीटर पश्चिम में था। भूकंप के झटके पालघर के साथ-साथ आसपास के कुछ इलाकों में भी महसूस किए गए। कम तीव्रता होने के कारण किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। स्थानीय प्रशासन ने भी स्थिति सामान्य होने की बात कही है।

विशेषज्ञों के अनुसार, 3 से 4 तीव्रता तक के भूकंप को हल्का भूकंप माना जाता है, जिसमें आमतौर पर ज्यादा नुकसान नहीं होता, लेकिन झटके महसूस किए जा सकते हैं। महाराष्ट्र का यह क्षेत्र सीस्मिक जोन 3 में आता है, जहां मध्यम तीव्रता के भूकंप आने की संभावना बनी रहती है। महाराष्ट्र में पिछले कुछ महीनों में कई बार हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इससे पहले भी पालघर और नाशिक बेल्ट में भूकंपीय गतिविधियां दर्ज की गई थीं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र लगातार भूकंपीय गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। एनसीएस ने लोगों से अपील की है कि भूकंप के दौरान घबराएं नहीं और सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन के संपर्क में रहें।

CMYK

page 2_Layout 1 08-10-2026 21:36 Page 1

हरियाणा छोटा प्रदेश, बड़ा योगदानः जीएसटी संग्रह में सभी राज्यों में पांचवां स्थान : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरूवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा छोटा प्रदेश है। देश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 1.3 प्रतिशत और कुल आबादी का लगभग 2 प्रतिशत हिस्सा हरियाणा में है। फिर भी सितंबर 2026 में हरियाणा से 10 हजार 97 करोड़ रुपये का सकल जीएसटी एकत्र हुआ। यह सभी राज्यों में पांचवां सबसे अधिक है और पूरे देश के घरेलू जीएसटी का 7 प्रतिशत से अधिक है। इस दौरान उन्होंने तीन प्रस्ताव भी रखे। उन्होंने पहला प्रस्ताव रखते हुए कहा कि जीएसटी के शुरुआती वर्षों, यानी वित्त वर्ष 2017ङ्क18 से 2019ङ्क20 से जुड़े आदेशों के विरुद्ध अपील दायर करने की समयङ्कसीमा में एक और, एकमुश्त छूट देने का है। नवंबर 2023 में सीमित अवधि के लिए अपील दायर करने का एक अवसर दिया गया था। हरियाणा में ऐसे 646 मामले हैं, जिनमें अपीलें केवल देरी के कारण खारिज हुई हैं। इन मामलों में 567 करोड़ 43 लाख रुपये की मांग है। इन आंकड़ों के पीछे ऐसे करदाता हैं, जो चाहते हैं कि उनके मामले की सुनवाई गुणङ्कदोष के आधार पर हो। एक न्यायपूर्ण और संवेदनशील करङ्कव्यवस्था को उनकी इस कठिनाई पर विचार करना चाहिए। पिछली अधिसूचना में, जिस मांग में कर शामिल नहीं था, उसके विरुद्ध अपील की अनुमति नहीं थी। हमारा सुझाव है कि प्रस्तावित छूट में कर, ब्याज और जुर्माने, हर तरह की मांग शामिल हो। वे मामले भी शामिल हों, जिनमें कर का कोई हिस्सा नहीं है और मांग केवल ब्याज या जुर्माने की है। इस सीमित छूट के लिए परिषद धारा 148 के तहत विशेष प्रक्रिया की सिफारिश करने पर विचार कर सकती है। *प्रशासनिक तालमेल की स्पष्ट और व्यवहारिक व्यवस्था बनाई जाए*

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दूसरा प्रस्ताव उन कठिनाइयों से जुड़ा है, जो केंद्र और राज्य के जीएसटी अधिकारियों द्वारा एक साथ की जाने वाली प्रवर्तन कार्रवाई से पैदा होती हैं। करदाताओं को कई बार एक ही या आपस में जुड़े विषय पर दोनों कर प्रशासनों की ओर से समन, जांच, निरीक्षण और दूसरी कार्रवाइयों का सामना करना पड़ता है। तब उन्हें बारङ्कबार दस्तावेज देने और अपना पक्ष रखने में समय और संसाधन लगाने पड़ते हैं। हमें प्रशासनिक तालमेल की स्पष्ट और व्यावहारिक व्यवस्था बनानी चाहिए। हरियाणा का प्रस्ताव है कि इसके लिए तकनीक आधारित व्यवस्था बनाई जाए। इसमें केंद्र और राज्य, दोनों के वैध प्रवर्तन अधिकार सुरक्षित रहें।

विकसित भारत 2047 के संकल्प के लिए हरियाणा का पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक %विकसित भारत% बनाने का संकल्प देश के सामने रखा है। इसे पूरा करने के लिए हरियाणा अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार राजस्व बढ़ाने और सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर लगातार काम कर रहा है। जीएसटी देश में सहकारी संघवाद का मजबूत उदाहरण है। जो भी सुधार इसे ईमानदार करदाता के लिए सरल बनाता है और राजस्व को सुरक्षित करता है, वह देश को %विकसित भारत% के संकल्प के और करीब ले जाता है। उन्होंने परिषद को हरियाणा के पूरे सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और केंद्रीय वित्त मंत्री के नेतृत्व में हरियाणा केंद्र और सभी राज्यों के साथ मिलकर %विकसित भारत% के संकल्प को पूरा करने के लिए काम करता रहेगा।

विधानसभा हलका जंडियाला गुरु से 66वीं तीर्थ यात्रा बस श्रद्धालुओं को लेकर रवाना

- गांव मलिकपुर की संगत श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के करेगी दर्शन
- मान सरकार ने बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा की मनोकामना पूरी की – हरभजन सिंह ई.टी.ओ.

डेली आवाज भारती



जंडियाला गुरु/अमृतसर, (के.एस. बेदी) : प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज विधानसभा हलका जंडियाला गुरु के गांव मलिकपुर से हलके की 66वीं तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बस के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के दर्शन करवाए जाएंगे। श्रद्धालुओं को रवाना करते हुए कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत प्रदेशवासियों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के निःशुल्क दर्शन करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मान सरकार ने तीर्थ यात्रा शुरू करके बुजुर्गों की तीर्थ स्थलों के दर्शन करने की मनोकामना पूरी की है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है। यात्रियों को धार्मिक स्थलों तक ले जाने और वापस लाने के अलावा यात्रा के दौरान रहने-सहने सहित सभी आवश्यक प्रबंध भी राज्य सरकार द्वारा किए जाते हैं, ताकि हर वर्ग के लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों के दर्शन कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेशभर में पांच लाख से अधिक श्रद्धालु विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर चुके हैं और प्रतिदिन विभिन्न विधानसभा हलकों से तीर्थ यात्रा की बसें रवाना हो रही हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा हलका जंडियाला गुरु में आज 66वीं तीर्थ यात्रा बस रवाना की गई है। तीर्थ यात्रा करने वाले बुजुर्गों द्वारा भी इस पहल की सराहना की जा रही है। उनका कहना है कि पंजाब सरकार ने उन्हें तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाकर 'श्रवण पुत्र' की भूमिका निभाई है।

11 अक्टूबर को अमृतसर में होगी 5 किलोमीटर पंजाब यूथ रन मैराथन : विधायक लालपुरा

युवाओं को खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने का दिया जाएगा संदेश

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : युवाओं को खेलों और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने तथा नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 11 अक्टूबर को अमृतसर में 5 किलोमीटर की पंजाब यूथ रन मैराथन आयोजित की जा रही है। मैराथन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज विधानसभा हलका खडूर साहिब के विधायक एवं राज्य यूथ विंग के अध्यक्ष स. मनजिंदर सिंह लालपुरा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। मैराथन संबंधी जानकारी देते हुए स. लालपुरा ने बताया कि मैराथन 11 अक्टूबर को सुबह 5ः00 बजे रणजीत एवेन्यू स्थित होटल एच.के. क्लार्क के निकट टी-प्वाइंट से शुरू होगी। इसका रूट कचहरी चौक, कैंट चौक, हरतेज अस्पताल तथा पुरानी पुलिस चौकी, सी-ब्लॉक से होते हुए वापस एच.के. क्लार्क के निकट टी-प्वाइंट पर समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि मैराथन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित हर आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों का पंजीकरण स्कैनिंग के माध्यम से किया जाएगा तथा उन्हें टी-शर्ट भी दी जाएगी। मैराथन पूरी करने वाले प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए जाएंगे, जबकि विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। विधायक लालपुरा ने कहा कि पंजाब यूथ रन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने, खेलों से जुड़ने और अपनी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पंजाब की वास्तविक ताकत उसके युवा हैं और युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देकर ही प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब यूथ रन के माध्यम से फिटनेस, खेलों और नशा विरोधी जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने अमृतसर के युवाओं सहित सभी वर्गों के लोगों से इस मैराथन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि मैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी क्यूआर कोड के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए 'खेडां वतन पंजाब दीयां' सहित कई महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमृतसर में आयोजित होने वाली पंजाब यूथ रन भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डिप्टी कमिश्नर ने युवाओं के साथ-साथ सभी वर्गों के लोगों से मैराथन में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा स्वस्थ, तंदुरुस्त एवं नशामुक्त पंजाब के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की।

पीरमुछल्ला के नेचर पार्क में मिला 22 वर्षीय युवक का शव, सिर धड़ से अलग

2 दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में 10 महीने के बच्चे संग लापता हुई थी पत्नी, तेजधार हथियार से हत्या की आशंका

डेली आवाज भारती





फॉरेंसिक टीम मौके से सबूत एकत्र कर लौटती हुई और मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस पार्टी।

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : ढकोली क्षेत्र के अधीन आते पीरमुछल्ला के नेचर पार्क में गुरुवार सुबह उस समय दहशत का माहौल पैदा हो गया, जब एक युवक का धड़ से अलग हुआ सिर कटा शव मिला। इस खौफनाक वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाके को घेर लिया और फॉरेंसिक टीम द्वारा खून के नमूने व अन्य जरूरी सबूत एकत्र किए गए। शुरुआत में पुलिस इस शव को अज्ञात मानकर जांच कर रही थी। मृतक के एक हाथ पर अंग्रेजी का अक्षर 'V' और दूसरे हाथ पर हिंदी में 'विशाल' लिखा हुआ था। तकनीकी और मानवीय साधनों का उपयोग करते हुए पुलिस ने मृतक की मां राम रानी को बुलाकर शव की पहचान कराई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय विशाल के रूप में हुई है, जो पीरमुछल्ला के शिव नगर में किराए के मकान में रहता था और मजदूरी का काम करता था। मृतक की मां राम रानी पत्नी नरेंद्र कुमार (निवासी उत्तर प्रदेश, हाल निवासी शिव नगर पीरमुछल्ला) ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 6 अक्टूबर की शाम करीब **6:30** बजे विशाल की पत्नी रोली अपने 10 महीने के बच्चे प्रिंस के साथ बाजार में दूध का डिब्बा लेने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। 7 अक्टूबर को भी परिवार उसकी तलाश करता रहा। शाम 7 बजे विशाल दोबारा अपनी पत्नी और बच्चे की तलाश में निकला था, लेकिन वह भी रात भर घर नहीं लौटा। गुरुवार सुबह नेचर पार्क से विशाल का सिर कटा शव बरामद हुआ।

पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच जारी


घटनास्थल से शराब का एक पौवा भी बरामद हुआ है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतिंदर सिंह ने बताया कि मां राम रानी के बयानों के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी ने दावा किया कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और लापता महिला व बच्चे की तलाश भी की जा रही है।

जीरकपुर के विवादित होटल ब्लूबेरी के बाहर तेजधार हथियारों से हमला व पथराव, इलाके में दहशत

करीब एक दर्जन युवकों ने मचाया हुड़दंग, टैक्सी का शीशा टूटा, एक व्यक्ति के घायल होने की आशंका

- गैर-कानूनी गतिविधियों के आरोपों में घिरे होटल मालिक को पुलिस ने किया तलब

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : पटियाला रोड पर स्थित विवादित %होटल ब्लूबेरी% एक बार फिर लड़ाई-झगड़े और हंगामे को लेकर सुर्खियों में आ गया है। गुरुवार दोपहर अचानक करीब एक दर्जन हथियारबंद युवकों ने होटल के बाहर पहुंचकर हमला कर दिया और जमकर पथराव किया। इस खूनी झड़प और हंगामे के कारण पटियाला रोड के आसपास के इलाके में भारी दहशत फैल गई, जिससे दुकानदारों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक हमलावरों के हाथों में चाकू, गंडासियां और अन्य तेजधार हथियार थे। घटना के समय वहां खड़ी एक टैक्सी पर पथराव होने के कारण उसका शीशा चकनाचूर हो गया।

टैक्सी चालक ने बताया कि वह अपनी गाड़ी लेकर खड़ा था कि अचानक हथियारबंद युवकों ने होटल पर धावा बोल दिया। चर्चा है कि इस झड़प के दौरान एक युवक घायल हुआ है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो पाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस होटल के बाहर ऐसा हंगामा पहली बार नहीं हुआ। कुछ दिन पहले भी यहां भारी झगड़ा हुआ था और कुछ महीने पहले गोलीबारी की घटना भी सामने आ चुकी है। इलाका निवासियों ने आरोप लगाया कि इस होटल में देह व्यापार और नशे जैसी गैर-कानूनी गतिविधियां चल रही हैं। लगातार हो रही हिंसक घटनाओं के कारण आसपास के दुकानदारों में अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची, होटल मालिक को किया जाएगा तलब

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह के निर्देश पर पीसीआर टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक होटल पर ताला लगा हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे कोई लिखित शिकायत आए या न आए, होटल मालिक को पुलिस थाने तलब कर पूछताछ की जाएगी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर हमलावरों की पहचान की जा रही है।

गाड़ी साइड करने को कहना पड़ा महंगा, युवक को घेरकर की मारपीट, हाथ में पड़ी प्लेट

हॉर्न बजाने से खफा कार सवारों ने लाठियों से किया हमला, मामला दर्ज

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : डी-मार्ट के पास सड़क के बीचों-बीच कार खड़ी कर बातचीत कर रहे युवकों को गाड़ी साइड करने के लिए कहना एक व्यक्ति के लिए भारी पड़ गया। आरोप है कि कार सवार युवकों ने पहले उसके साथ गाली-गलौज की और बाद में कुछ दूरी पर उसकी कार को घेरकर उसे बाहर खींच लिया और लाठियों से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जिसके बाद डॉक्टरों को ऑपरेशन करके हाथ में प्लेट डालनी पड़ी। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ साहिब के गांव महद्दिया निवासी अभिषेक पुत्र अवतार सिंह 25 सितंबर की शाम करीब 5 बजे पंचकूला से जीरकपुर होते हुए मोहाली जा रहा था। जब वह डी-मार्ट के पास केएफसी (चस्त्रष्ट) के गेट के पास पहुंचा तो सड़क के बीच खड़ी कार के कारण जाम लगा हुआ था। अभिषेक ने हॉर्न बजाकर गाड़ी साइड करने को कहा तो कार सवारों ने बहसबाजी शुरू कर दी। कुछ ही दूरी पर आगे जाकर आरोपियों ने अपनी गाड़ी अभिषेक की कार के आगे अड़ाकर उसे घेर लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार 3-4 युवकों ने उसे जबरन बाहर खींचकर लाठियों से हमला कर दिया। सिर पर होते वार को बचाने के लिए जब अभिषेक ने बायां हाथ आगे किया तो उसकी बांह पर कई वार किए गए, जिससे उसका हाथ टूट गया।

पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच जारी

घायल अभिषेक को पहले ढकोली के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल और बाद में सेक्टर-16 अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस को 26 सितंबर को अस्पताल से मेडिकल रुक्का प्राप्त हुआ था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयानों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

महंगे ऋण से व्यापार, उद्योग और रोजगार पर बढ़ रहा बोझ : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा ने ऋण की ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महंगे कर्ज का सीधा असर व्यापारियों, छोटे उद्यमियों, मध्यम वर्ग और रोजगार के अवसरों पर पड़ता है। रेपो दर में वृद्धि से कर्जदारों की ईएमआई बढ़ने की स्थिति चिंताजनक है। सरकार को यह समझना चाहिए कि व्यापार और उद्योग को प्रोत्साहन दिए बिना विकसित भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। कुमारी सैलजा ने कहा कि अनेक विकसित देशों में कई श्रेणियों के व्यावसायिक ऋण भारत की तुलना में कम ब्याज दरों पर उपलब्ध हैं। लेकिन भारत को भी छोटे एवं मध्यम उद्योगों के लिए सस्ती और सुलभ ऋण व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। कांग्रेस की नीति हमेशा रोजगार सृजन, लघु उद्योगों के संरक्षण और आर्थिक अवसरों के विस्तार की रही है। सांसद ने कहा कि उदाहरण के तौर पर 50 लाख रुपये के गृह ऋण पर ब्याज दर में मात्र 0.25 प्रतिशत अंक की वृद्धि से 25 वर्ष की अवधि में लगभग 2.45 लाख रुपये का अतिरिक्त ब्याज देना पड़ सकता है। इसी प्रकार महंगा व्यावसायिक ऋण उत्पादन लागत बढ़ाता है और नए रोजगार सृजित करने की क्षमता को प्रभावित करता है। महंगाई नियंत्रण आवश्यक है, लेकिन इसके साथ आर्थिक विकास और आम नागरिक की वित्तीय सुरक्षा का संतुलन भी जरूरी है। कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि जब विकसित देशों में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराया जा सकता है, तो भारत में छोटे व्यापारियों, स्वरोजगार करने वाले युवाओं और एमएसएमई क्षेत्र को अधिक राहत क्यों नहीं दी जा सकती? उन्होंने मांग की कि सरकार और रिजर्व बैंक महंगाई, ब्याज दरों, रोजगार तथा व्यापार पर पड़ने वाले प्रभावों की समग्र समीक्षा करें और छोटे उद्यमियों को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

व्यापारियों के अरबों रुपये एसजीएसटी में अटके, बढ़ रहा ब्याज का बोझः अशोक बुवानीवाला

चंडीगढ़। जीएसटी के टैक्स क्रेडिट सेट-ऑफ के जटिल नियमों के कारण देशभर के लाखों व्यापारियों और उद्यमियों की कार्यशील पूंजी फंस गई है। यह गंभीर चिंता का विषय है। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने इस व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताते हुए सरकार से जीएसटी प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाने की मांग की है। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि वर्तमान जीएसटी व्यवस्था में आईजीएसटी, सीजीएसटी और एसजीएसटी के सेट-ऑफ की जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है, वह कारोबारियों के लिए नकदी संकट पैदा कर रही है। कारोबारियों के खातों में जमा वैध टैक्स क्रेडिट का समय पर समायोजन या रिफंड नहीं हो पा रहा है। जिससे उनकी पूंजी महीनों तक सरकारी खाते में अटकी रहती है। विस्तार से जानकारी देते हुए अशोक बुवानीवाला ने कहा कि मौजूदा नियम कारोबारियों की नकदी प्रवाह पर सीधा असर डाल रहा है।

जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, शिकायतों की समयबद्ध हो जांच : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चण्डीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज अम्बाला छावनी स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की जनसमस्याएं सुनी और अलग-अलग शिकायतों पर उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त और उपमंडल अधिकारी (नागरिक) को मामलों की जांच के लिए कमेटी गठित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान निर्धारित समयसीमा में होना चाहिए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अम्बाला छावनी के गांव मंडोर की भूमि पर कथित रूप से अनाधिकृत कॉलोनी काटे जाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विज ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर मामले की जांच करवाई जाए तथा रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाए। टुंडला मंडी निवासी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की छत पक्की करवाने के लिए आवेदन करने के बावजूद एक वर्ष से लाभ नहीं मिलने की शिकायत पर मंत्री ने के ा संज्ञान लिया। उन्होंने एसडीएम, अम्बाला छावनी को मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा लापरवाही पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर परिषद द्वारा नालों एवं सीवरेज की सफाई के लिए सकिंग एवं जेटिंग मशीन की खरीद से संबंधित शिकायत पर भी विज ने जांच के आदेश दिए। शिकायतकर्ता पार्षद ने आरोप लगाया कि टेंडर की शर्तों के अनुरूप मशीन की खरीद नहीं की गई। इस पर मंत्री ने एसडीएम, अम्बाला छावनी के नेतृत्व में एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रॉपर्टी टैक्स की बकाया राशि को लेकर विज ने नगर परिषद अधिकारियों को के` निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा लगभग 70 करो रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाना है, जिसकी वसूली के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि इस राशि का उपयोग अम्बाला छावनी के विकास कार्यों में किया जा सके। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से प्रत्येक वार्ड के विकास के लिए एक-एक करो रुपये की राशि जारी करवाई गई है और अब अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि इन विकास कार्यों को तेजी से आगे बे िया जाए।

CMYK

page 3_Layout 1 08-10-2026 18:10 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर » शुक्रवार, 9 अक्तूबर 2026

पंजाब के 50 वार्डों के चुनाव रद्द, छह सप्ताह में फिर होगा मतदान

पटियाला के 28 और मोगा के 22 वार्ड शामिल

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के निकाय चुनाव से जुड़े 50 वार्डों में हुए चुनावों को रद्द करते हुए इन सीटों पर छह सप्ताह के भीतर नए सिरे से चुनाव कराने के आदेश दिए हैं। अदालत का यह फैसला चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से रोकने के आरोपों से जुड़े मामले की सुनवाई के बाद आया है। पंजाब के 50 वार्डों में चुनाव प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की पूर्व न्यायमूर्ति निर्मलजीत कौर की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने संबंधित मामलों की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट अदालत के सामने पेश की। रिपोर्ट में कुछ वार्डों में विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से रोकने, नामांकन प्रक्रिया में बाधा डालने और चुनाव प्रक्रिया प्रभावित



होने से जुड़े आरोपों का उल्लेख किया गया था। इसी रिपोर्ट में सामने आई अनियमितताओं को आधार बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित 50 वार्डों के चुनाव रद्द कर नए सिरे से चुनाव कराने के आदेश दिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत पटियाला नगर निगम के 28 वार्डों में दोबारा चुनाव होंगे। इसके अलावा मोगा जिले की दो नगर परिषदों के 22 वार्ड भी इसमें शामिल हैं। इनमें बाघापुराना के सभी 15 और धर्मकोट के 7 वार्ड हैं। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें ष्ठ्ठद्व सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना शामिल हैं, ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को एक सप्ताह के भीतर सेवानिवृत्त हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। यह कमेटी नए चुनाव की प्रक्रिया की निगरानी करेगी। अदालत ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नामांकन, जांच, चुनाव चिह्न आवंटन और मतदान की प्रक्रिया पर भी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। निकाय चुनाव के दौरान विपक्षी दलों ने चुनाव प्रक्रिया में धांधली और धक्केशाही के आरोप लगाए थे। इस मामले को भाजपा ने पहले पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट के सामने उठाया था। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जयइंद्र कौर ने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी सरकार की कथित शह पर विपक्षी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र फाड़े गए और उन्हें नामांकन दाखिल करने से रोका गया। इन आरोपों को लेकर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठे थे।

पंजाब में हो रही लोकतंत्र की हत्या, आप ने 'स्वराज' को 'गुंडा राज' में बदला: गौरव भाटिया

पंजाब। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी (आप) और पंजाब सरकार पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार पंजाब के लोगों को लोकतंत्र के बजाय ऐसा शासन दे रही है, जिसमें प्रशासन और पुलिस का कथित तौर पर गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब उम्मीदवार नामांकन दाखिल करने पहुंचे, तो उनके साथ बदसलूकी की गई, उनके कपड़े फाड़े गए और उन्हें नामांकन पत्र दाखिल करने से रोका गया। यह लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। भाजपा नेता ने कहा कि आप सरकार ने पंजाब में 'स्वराज' के बजाय 'गुंडा राज' को बढ़ावा दिया है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश की है। पंजाब में



कांसल में 1.50 करोड़ की बड़ी चोरी का खुलासा, नौकरानी समेत चार गिरफ्तार

- चोरी के गहने खरीदने वाले दो सुनार भी पुलिस की गिरफ्त में, जवाहरात बेचकर पंच सितारा होटल में एक माह तक करती रही मौज

डेली आवाज भारती



न्यू चंडीगढ़/खरड़ (हरतेज तेजी) : नयागांव के कांसल स्थित सुखना एन्क्लेव में करीब 1.50 करोड़ रुपये के सोने के गहने, सोने के बिस्कुट और अन्य कीमती सामान की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चोरी की मुख्य आरोपी बताई जा रही नेपाली मूल की नौकरानी रैनू लामा के अलावा चोरी के गहने खरीदने वाले दो सुनार भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। नयागांव थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शिवदीप सिंह बराड़ ने प्रेस वार्ता में बताया कि सुखना एन्क्लेव निवासी पंकज गुप्ता ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 18 अगस्त 2026 को घर की अलमारी खोलने पर उसमें रखे बड़ी मात्रा में सोने के गहने, सोने के बिस्कुट और अन्य कीमती सामान गायब मिले। जांच के दौरान घर में काम करने वाली नौकरानी माही से पूछताछ की गई, जिसके बाद नेपाली मूल की नौकरानी रैनू लामा पर संदेह गहराया। शिकायत के अनुसार चोरी किए गए गहनों को अन्य लोगों की मदद से अलग-अलग ज्वैलर्स को बेचने का आरोप है। मामले में रैनू लामा, काजल, नवजोत सिंह तथा चंडीगढ़ सेक्टर-15 स्थित अशोक ज्वैलर के मालिक बृजेश वर्मा और निशांत वर्मा सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में चोरी के गहनों की बिक्री से प्राप्त रकम में से करीब 16 लाख रुपये आपस में बांटे जाने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार चोरी के गहने बेचने के बाद रैनू लामा और काजल ने कथित तौर पर उससे मिली रकम से चंडीगढ़ के होटल माउंटव्यू में करीब एक महीने तक अपने दोस्तों के साथ रहकर ऐश की। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मुख्य आरोपी के साथ दो सुनार भी शामिल हैं। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से चोरी किए गए गहनों की बरामदगी, गहने खरीदने वाले अन्य लोगों और मामले में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। चोरी हुए सामान की वास्तविक कीमत और बरामदगी का पूरा आकलन जांच पूरी होने के बाद स्पष्ट होगा। पुलिस ने मामले में आगे भी गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई है।

मुख्यमंत्री की पत्नी पर लगे 5 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत के आरोपों की हो सीबीआई जांच : अनुराधा व डॉ. सेठी

- पंजाब पुलिस पर पीड़ितों को धमकाने और साक्ष्यों से छेड़छाड़ के आरोपों की भी हो जांच

डेली आवाज भारती

जालंधर/बलजीत सिंह : पंजाब में बलात्कार, किडनैपिंग और धमकाने जैसे गंभीर मामलों में कथित भ्रष्टाचार और आरोपियों को राहत देने के बदले 5 करोड़ की कथित रिश्वत से जुड़े आरोपों को लेकर महिला कांग्रेस ने पंजाब सरकार को घेरा है। बुधवार को कांग्रेस भवन जालंधर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जालंधर



महिला कांग्रेस की शहरी जिला अध्यक्ष अनुराधा बंगा और वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं वार्ड नंबर 30 की पार्षद डॉ. जसलीन सेठी ने पूरे मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की। अनुराधा बंगा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर से जुड़े लगाए जा रहे 5 करोड़ की कथित रिश्वत के आरोप बेहद गंभीर हैं और इन्हें राजनीतिक आरोप कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि बलात्कार जैसे संवेदनशील मामलों में आरोपियों को कथित तौर पर राहत देने के लिए पैसे मांगने और लेने के आरोप सामने आए हैं, तो इसकी तह तक जाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिस मामले में मुख्यमंत्री के परिवार से जुड़े लोगों पर सवाल उठ रहे हों, उसकी जांच पंजाब पुलिस से करवाना निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। इसलिए इस मामले की जांच CBI, किसी केंद्रीय जांच एजेंसी या हाईकोर्ट के मौजूदा जज से करवाई जानी चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय और जनता को सच्चाई मिल सके। अनुराधा बंगा ने कहा कि अदालत और राष्ट्रीय महिला आयोग की इस मामले में सक्रियता के बावजूद सरकार की चुप्पी चिंताजनक है।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मैड संधू के मर्डर केस में बड़ी कार्रवाई, मेन शूटर परमिंदर काका समेत 6 गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस कमिश्नर हरमनबीर सिंह गिल

मैड संधू मर्डर का मेन शूटर अहमदाबाद से गिरफ्तार, अमृतसर पुलिस उसे अमृतसर ला रही

डेली आवाज भारती

अमृतसरः (सलोनी नेहा गिल) अमृतसर पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मैड संधू के मर्डर केस में बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस बारे में अमृतसर पुलिस कमिश्नर हरमनबीर सिंह गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और जांच से जुड़ी कई अहम जानकारी शेयर की। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस केस में मेन शूटर परमिंदर सिंह उर्फ काका को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है। अमृतसर पुलिस की एक टीम उसे अमृतसर लाने गई है। उसे यहां लाकर पूछताछ की जाएगी, जिसके बाद हत्या के कारणों और पूरी साजिश के बारे में और खुलासे होने की उम्मीद है। पुलिस के मुताबिक, परमिंदर काका जालंधर के लोहियां इलाके का रहने वाला है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना को अंजाम देने के बाद मुख्य शूटर अहमदाबाद जाकर बैठ गया था। पुलिस ने उससे वीडियो कॉलिंग के जरिए भी पूछताछ की है। कमिश्नर हरमनबीर सिंह गिल ने बताया कि जांच के दौरान जानकारी मिली कि काका के भाई अमनदीप के अकाउंट में करीब 16 हजार रुपये आए थे। यह पैसे अलग-अलग अकाउंट में जमा किए गए थे। अमनदीप से पूछताछ के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, अमनदीप अपने भाई के संपर्क में था। जांच के दौरान एक कोड और लोकेशन से जुड़ी जानकारी भी सामने आई, जिसके आधार पर पुलिस मुख्य शूटर तक पहुंच गई। कमिश्नर ने बताया कि पुलिस अहमदाबाद में मौजूद लोगों से भी लगातार संपर्क में थी। पुलिस ने इस मामले में बलराज सिंह बंटी खलचियां को भी गिरफ्तार किया है।



जिला स्तरीय किसान मेला और कृषि प्रदर्शनियां 9 अक्तूबर को

डेली आवाज भारती

जालंधर/बलजीत सिंह : फसलों और धान की पराली के सुचारू प्रबंधन संबंधी किसानों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा 9 अक्तूबर को इंप्रूवमेंट ट्रस्ट ग्राउंड, करतारपुर में जिला स्तरीय किसान मेला और कृषि प्रदर्शनियां लगाई जा रही हैं। किसान मेले में हल्का विधायक बलकार सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। मुख्य कृषि अधिकारी रणधीर सिंह ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि किसान मेले का उद्घाटन डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया द्वारा किया जाएगा और संयुक्त निदेशक कृषि जगदीश



सिंह कैंप की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि किसान मेले में करीब 2 हजार किसानों के भाग लेने की उम्मीद है, जिन्हें मौसम की सब्जियों के बीजों वाली किचन गार्डन किटें मुफ्त दी जाएंगी। कैंप के दौरान पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों और विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को लाभदायक जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने किसानों से इस मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील भी की।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील का भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास, शिमला में बतौर 'एसोसिएट फेलो' चयन

डेली आवाज भारती

अमृतसर। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील का चयन भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास, शिमला में हिंदी विषय में बतौर %एसोसिएट फेलो% हुआ है। वे आगामी तीन वर्षों तक समय-समय पर भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास, शिमला में रहकर अपना विशिष्ट शोध-कार्य करेंगे। गौरतलब है कि प्रो. सुनील हिंदी-साहित्य के अधीती विद्वान हैं। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध/साहित्यिक पत्रिकाओं एवं जर्नल्स में अभी तक इनके लगभग 150 शोध-प्रपत्र और आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्यबोध, संस्कृति-बोध



और राष्ट्रबोध प्रो. सुनील की साहित्यिक चेतना के प्रमुख केंद्र-बिंदु हैं। इनकी लेखनी और संभाषणों का मूल उद्देश्य समाज एवं राष्ट्र का निर्माण है। नैतिक मूल्यों की स्थापना, मानवीय संवेदनाओं का विकास तथा चरित्रोत्थान के माध्यम से स्वस्थ, संस्कारित और उत्तरदायी समाज का निर्माण इनकी साहित्यिक साधना का ध्येय है। प्रो. सुनील ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के माननीय उप-कुलपति प्रो. करमजीत सिंह का विशेष तौर पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सुयोग्य नेतृत्व, सतत प्रेरणा, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और समुचित प्रोत्साहन-मार्गदर्शन के बलबूते विश्वविद्यालय निरंतर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

सियालबा बैंक घोटाले के पीड़ितों को राशि लौटाने और सड़क किनारे लगी रेहड़ियां हटाने की मांग

- लोक हित मिशन ने डीएसपी को सौंपा मांगपत्र, 12 अक्टूबर को बैंक के सामने धरना देने का ऐलान

डेली आवाज भारती

न्यू चंडीगढ़। लोक हित मिशन बीकेयू पंजाब के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोऑपरेटिव बैंक सियालबा में हुए करोड़ों रुपये के कथित घोटाले के पीड़ित खाताधारकों की जमा राशि वापस दिलाने तथा कुराली से मुल्लांपुर गरीबदास मार्ग पर सड़क किनारे लगी रेहड़ियों और फड़ियों को हटाने की मांग को लेकर डीएसपी खरड़-2 मुल्लांपुर हकीकत सिंह को मांगपत्र



सौंपा। लोक हित मिशन के नेता गुरमीत सिंह शांटू, रविंदर सिंह वजीदपुर और भगत सिंह भगतमाजरा पर आधारित प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपी से मुलाकात के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष कोऑपरेटिव बैंक सियालबा में सामने आए करोड़ों रुपये के कथित घोटाले से प्रभावित अधिकांश खाताधारकों को अभी तक उनकी जमा राशि में से एक रुपया भी वापस नहीं मिला है। इसके चलते पीड़ित खाताधारकों में भारी रोष पाया जा रहा है। मिशन के नेताओं ने बताया कि पीड़ितों को उनकी राशि वापस दिलाने की मांग को लेकर 12 अक्टूबर को बैंक के सामने धरना दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस मामले में जल्द कार्रवाई कर पीड़ितों को राहत दिलाने की मांग की।इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने कुराली से मुल्लांपुर गरीबदास तक मुख्य सड़क के किनारे सैकड़ों की संख्या में लगी रेहड़ियों और फड़ियों का मुद्दा भी उठाया। मिशन नेताओं के अनुसार सड़क किनारे लगी इन रेहड़ियों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है।

अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता कोर्स पास करने पर अमनदीप संधू सम्मानित

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू) – पत्रकारिता के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल करने पर अमनदीप संधू को वर्ल्ड खालसा केयर की ओर से सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक डॉ. हरपाल सिंह और कोऑर्डिनेटर बलदेव सिंह खालसा ने अमनदीप संधू को सम्मानित करते हुए उनकी इस उपलब्धि को पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

अमनदीप संधू ने अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित एनबीसीयू अकादमी की ओर से करवाया गया 'फंडामेंटल्स ऑफ जर्नलिज्म' ऑनलाइन कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने इसकी परीक्षा भी सफलतापूर्वक पास कर प्रमाणपत्र हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि को पत्रकारिता के प्रति उनकी लगन, सीखने की इच्छा और अपने पेशेवर हुनर को निखारने के लिए किए जा



रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया गया। इस अवसर पर अमनदीप संधू ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार एकत्रित कर लोगों तक पहुंचाने का कार्य नहीं है, बल्कि यह सच्चाई, तथ्यों और जिम्मेदारी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पेशा है। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में भी पत्रकारिता से संबंधित अंतरराष्ट्रीय स्तर के अन्य पाठ्यक्रम करने के साथ-साथ डिप्लोमा और डिग्री स्तर की पढ़ाई जारी रखेंगे, ताकि अपने ज्ञान और पेशेवर क्षमता को और मजबूत किया जा सके।

उन्होंने कहा कि उनकी विशेष कोशिश रहेगी कि लड़कियां भी पत्रकारिता के क्षेत्र में अधिक से अधिक आगे आएं और अपने हुनर को विकसित करते हुए इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि लड़कियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही अवसर और प्रोत्साहन देने की है। इस अवसर पर प्रेस क्लब जागती जमीर के अध्यक्ष रशपाल सिंह, उपाध्यक्ष भूपिंदर सिंह सोढ़ी, अविनाश शर्मा, बलदेव सिंह खालसा, डॉ. हरपाल सिंह, अनीता बेदी, अभी शर्मा और अमनदीप संधू सहित अन्य साथी मौजूद रहे। उपस्थित साथियों ने अमनदीप संधू को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और पत्रकारिता के क्षेत्र में भविष्य में भी नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जागती जमीर प्रेस क्लब के चेयरमैन संजीव नैयर, सचिव सुभाष सहगल और कैशियर सुनील बटालवी ने भी फोन के माध्यम से अमनदीप संधू को इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अमनदीप संधू ने सम्मान और बधाई देने वाले सभी साथियों का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साथियों का प्यार, सहयोग और हौसला उनके लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा बना रहेगा।

स्वार्थ का अंत ही मानवता की शुरुआत : आचार्य गौरव कृष्ण गोस्वामी

- पंचम दिवस की कथा में पूतना चरित्र और माखन चोरी लीला का किया भावपूर्ण वर्णन

डेली आवाज भारती

जालंधर/बलजीत सिंह। जहां स्वार्थ समाप्त होता है, मानवता वहीं से प्रारंभ होती है। यह संदेश पंचम दिवस की कथा के दौरान परम श्रद्धेय आचार्य गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को दिया। उन्होंने कहा कि केवल मानव योनि में जन्म लेना ही मानवता का प्रमाण नहीं है। जब मनुष्य स्वार्थ का त्याग कर परमार्थ और परोपकार की भावना से जीवन जीता है, तभी वह सच्ची मानवता की श्रेष्ठ श्रेणी में आता है। कथा के दौरान पूतना चरित्र का रसपूर्ण वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि कंस ने अहंकारवश स्वयं को सर्वश्रेष्ठ समझ लिया था। अपने विरोधियों का अंत करने के उद्देश्य से





उसने ब्रज में जन्मे बालकों की हत्या का षड्यंत्र रचा और इसी उद्देश्य से पूतना को भेजा। हालांकि भगवान श्रीकृष्ण ने पूतना को भी मोक्ष प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कंस प्रतापी राजा उग्रसेन का पुत्र होने के बावजूद अपने स्वार्थ और दुराचरण के कारण राक्षसी प्रवृत्ति का अधिकारी बन गया। अंततः उसका अंत स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के हाथों हुआ। आचार्य श्री ने कहा कि परमार्थ ही मनुष्य को महान बनाता है। माखन चोरी लीला पर प्रकाश डालते हुए आचार्य गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने कहा कि गोकुल का दूध, दही और माखन कंस के अनुचरों को बलवान बनाकर अधर्म को बढ़ावा दे रहा था। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण ने इसे ग्वाल-बालों को खिलाया, ताकि वे बलवान बनें और अधर्मी शक्तियों का सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण का ग्वाल-बालों के प्रति प्रेम अद्भुत था। वे उनके साथ बैठकर भोजन करते और प्रेमपूर्वक उनका जूठन तक स्वीकार करते थे। आचार्य श्री ने कहा, ÷हम वस्तुओं से प्रेम करते हैं और मनुष्यों का उपयोग करते हैं, जबकि होना यह चाहिए कि हम वस्तुओं का उपयोग करें और मनुष्यों से प्रेम करें। उन्होंने कहा कि प्रेम की भाषा ऐसी है, जिसे बहरे भी सुन सकते हैं और गूंगे भी समझ सकते हैं। यही संदेश भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला हमें देती है। समारोह के दौरान श्री गिरिराज पूजन एवं छप्पन भोग महोत्सव भी अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान श्री गिरिराज महाराज का पूजन किया और छप्पन भोग अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विशेष रूप से यशपाल चौधरी, अभिषेक चौधरी, सुनील नय्यर, उमेश औहरी, संदीप मलिक, चंदन वडेरा, ब्रिज मोहन चड्ढा, महेश मखीज, अंकुश जुनेजा, अश्वनी कुमार (आशू), संजय सहगल, हेमंत थापर, राजवंश मल्होत्रा, देवेंद्र अरोड़ा, हरीश कोहली, रिंकू मल्होत्रा, बलविंदर शर्मा, विजय शर्मा, सोनू चोपड़ा, सुमित गोयल, पंडित श्री कपिल देव शर्मा, संदीप कुमार, भूपेंद्र सिंह (बिल्ला), तरुण सरीन, जितेंद्र सोनू, राजेश बीगामल, तरसेम रिंकू, अरुण मल्होत्रा, राहुल शर्मा, राहुल बाहरी, देवेंद्र वर्मा और नरेंद्र वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

page 4_Layout 1 08-10-2026 18:08 Page 1

कंधारी फूड और रेड क्रॉस द्वारा मानवता की सेवा के प्रयास सराहनीय : पल्लवी मिश्रा

जरूरतमंदों की सहायता के लिए 59 सिलाई मशीनें, 28 ट्राइसाइकिल और 2 वाटर कूलर भेंट

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) – रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा कंधारी फूड प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सी.एस.आर. के तहत आज आयोजित विशेष समारोह के दौरान जरूरतमंदों की सहायता के लिए 59 सिलाई मशीनें, 28 ट्राइसाइकिल और 2 वाटर कूलर भेंट किए गए। समारोह में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा दिव्यांग व्यक्तियों और जरूरतमंद विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती पल्लवी मिश्रा, आई.ए.एस. ने कंधारी फूड प्राइवेट लिमिटेड के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास जरूरतमंदों को सहारा देने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी मददगार होते हैं। उन्होंने कहा कि कंधारी फूड प्राइवेट लिमिटेड भविष्य में भी मानवता की सेवा के लिए इसी तरह योगदान देता रहेगा। उन्होंने अन्य कॉरपोरेट संस्थाओं से भी समाज कल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्तियों को ट्राइसाइकिल और विद्यार्थियों को सिलाई मशीनें उपलब्ध करवाई गईं। यह सहायता लाभार्थियों के दैनिक जीवन को सुगम बनाने के साथ-साथ उनके लिए आय के साधन विकसित करने में भी सहायक होगी। वाटर कूलर भी सार्वजनिक उपयोग के लिए भेंट किए गए। रेड क्रॉस सोसायटी की प्रबंधकीय समिति द्वारा कंधारी फूड प्राइवेट लिमिटेड और उसके सहयोगियों का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर कंपनी के उपाध्यक्ष श्री आदित्य विष्णोई, जिला प्रशासन तथा रेड क्रॉस के अधिकारी उपस्थित थे। समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले श्री ललित मोहन चड्ढा, अध्यक्ष श्री अमृतसर क्लब, श्री एस.एस. दीना, अध्यक्ष सर्वजन क्लब, श्री सुखमिंदर सिंह, सरबत का भला ट्रस्ट, श्रीमती स्माइली, फिगरटी होम, श्री बिक्रम सिंह, श्री जगजीत सिंह खैरा, श्री मनजिंदर सिंह, श्री भूपिंदर सिंह, श्री सजिंदर प्रसाद और श्री रविंदर ट्रैवलर को भी सम्मानित किया गया।

गोल्डी खालसा ने एनसीएम अध्यक्ष हरजीत ग्रेवाल से मिलकर आलू कारोबारियों की समस्या के बाबत बातचीत की

जालंधर। जालंधर नई सब्जी व फ्रूट मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान गोल्डी खालसा ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (NCM) के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल से मुलाकात की। इस दौरान आलू व्यापारियों की समस्याओं के साथ-साथ अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया।मुलाकात के दौरान गोल्डी खालसा ने आलू व्यापार से जुड़े कारोबारियों को पेश आ रही समस्याओं और उनकी मांगों को हरजीत सिंह ग्रेवाल के सामने रखा। उन्होंने व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उचित स्तर पर ध्यान देने और उनके समाधान की आवश्यकता पर चर्चा की। बैठक में अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों, सुरक्षा और उनसे जुड़े मामलों पर भी विचार-विमर्श हुआ। गोल्डी खालसा ने पंजाब में अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित समस्याओं को उचित मंच पर उठाने की जरूरत पर जोर दिया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के तहत मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी समुदायों से जुड़े मामलों पर विचार किया जाता है।

व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए ट्रेड कमीशन और पुलिस ने तैयार की संयुक्त रणनीति

- पंजाब ट्रेड कमीशन, धूरी के चेयरमैन पुष्पिंदर शर्मा की अगुवाई में एस.एच.ओ. सिटी धूरी के साथ अहम बैठक

डेली आवाज भारती



धूरी/मोहिंदर सिंह : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत धूरी शहर के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पंजाब ट्रेड कमीशन, धूरी के चेयरमैन पुष्पिंदर शर्मा की अगुवाई में एस.एच.ओ. सिटी धूरी के साथ एक अहम बैठक की गई। बैठक के दौरान शहर के व्यापारियों द्वारा चोरी की घटनाओं सहित सुरक्षा से संबंधित पेश आ रही समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इन घटनाओं पर काबू पाने और व्यापारियों व शहरवासियों में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के लिए ट्रेड कमीशन तथा पुलिस की संयुक्त नाइट पेट्रोलिंग पार्टी गठित करने की योजना पर विचार किया गया। चेयरमैन पुष्पिंदर शर्मा ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करवाना ट्रेड कमीशन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से रात के समय गश्त को प्रभावी बनाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास किए जाएंगे, जिससे चोरी जैसी घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार व्यापारी वर्ग की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है तथा व्यापारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर जसवीर सिंह, बिलाल खान, दीपक वर्मा सहित ट्रेड कमीशन के सदस्य, व्यापारी और शहरवासी भी उपस्थित रहे।

अकाली दल के घोषणा पत्र में होगा जनता की समस्याओं का समाधान:एन.के.शर्मा

डेली आवाज भारती



- लालडू क्षेत्र के गांवों में शुरू किया जनसंपर्क अभियान

लालडू/तरनप्रीत सिंह गिल : शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एन.के.शर्मा ने कहा है कि शिरोमणि अकाली दल का चुनावी घोषणा पत्र लोगों द्वारा तैयार किया जाएगा। इसके लिए पार्टी के तमाम नेता व कार्यकर्ता जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। एन के शर्मा पार्टी द्वारा शुरू किए गए जनसंपर्क अभियान के तहत लालडू में कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए और उन्हें लालडू, हंडेसरा सर्कल के गांवों में घर-घर जाने के लिए रवाना किया। शर्मा ने कहा कि इस अभियान के तहत लोगों से घर-घर जाकर उनकी समस्याओं को समझा जा रहा है तथा आगामी सरकार से उनकी उम्मीदों के बारे में पूछा जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि इन सुझावों के आधार पर ही जनता की प्राथमिकता वाला एक घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा। इस घोषणा पत्र में लोगों की समस्याओं का समाधान बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज लालडू ही नहीं समूचे पंजाब के लोग आम आदमी पार्टी सरकार की नीतियों से परेशान हैं। इस अवसर पर अकाली नेता बुल्लू राणा, संजू प्रजापत, गुरविंद्र हसनपुर, रघुबीर जुनेजा, हरदम जासधना, रोहित रतन, मोहित राणा, परम ढींडसा, राजबीर सिंह राणा व मनजीत सिंह मलिकपुर समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

विकास कार्यों को लेकर जीती पड़ियाला ने आप सरकार पर साधा निशाना, बदनपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

डेली आवाज भारती



खरड़/संदीप अकालगढ़िया : विधानसभा हलका खरड़ में कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी मोहाली के पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह जीती पड़ियाला ने गांव बदनपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और गांववासियों के साथ बैठक की। बैठक में गांववासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए रणजीत सिंह जीती पड़ियाला ने कहा कि उनके अनुसार आम आदमी पार्टी की सरकार अपने कार्यकाल के दौरान विधानसभा हलका खरड़ में कोई महत्वपूर्ण छोटा-बड़ा प्रोजेक्ट लाने में सफल नहीं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि हलका खरड़ को विकास के मामले में अनदेखा किया गया है और क्षेत्र के लोग खुद को सरकारी प्राथमिकताओं से बाहर महसूस कर रहे हैं। जीती पड़ियाला ने कहा कि हलके के लोगों को उम्मीद थी कि सरकार द्वारा सड़कों, सीवरेज, पीने वाले पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेलों तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य करवाए जाएंगे, लेकिन उनके अनुसार क्षेत्र में कोई बड़ा विकास प्रोजेक्ट नहीं लाया गया। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाएं करने या सरकारी विज्ञापनों में विकास के दावे करने से जमीनी स्थिति नहीं बदलती। लोगों को अपने गांवों और शहरों में सड़कों, पानी, सीवरेज, सफाई, स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों तथा रोजगार के अवसरों के रूप में विकास दिखाई देना चाहिए। जीती पड़ियाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा हलका खरड़ के विभिन्न गांवों में लगातार कार्यकर्ता बैठकें की जा रही हैं, ताकि लोगों की समस्याओं को नजदीक से समझा जा सके। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और लोगों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए काम किया जा रहा है। इस अवसर पर सुखदेव सिंह बरौली, सुरिंदरजीत सिंह सरपंच बदनपुर, जसप्रीत सिंह पूर्व सरपंच, स्वर्ण सिंह पूर्व सरपंच, प्रितपाल सिंह, निर्मल सिंह, बिक्रमजीत सिंह पंच, नरेंद्र सिंह रम्मा घड़ूंआं, जसकीरत रतिया, मनजिंदरपाल सिंह और दिलशरणप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और गांववासी उपस्थित थे।

टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत जोश कार्यक्रम की शुरुआत



- टी.बी. मुक्त गांवों की ग्राम पंचायतों को किया गया सम्मानित

डेली आवाज भारती

संगरूर, मोहिंदर सिंह, टी.बी. मुक्त भारत अभियान को और मजबूत करने के उद्देश्य से डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर के दिशा-निर्देशों के तहत सहायक कमिश्नर (ज) राजबीर सिंह भंगू और सिविल सर्जन संगरूर डॉ. अमरजीत कौर की अगुवाई में जिला स्तर पर जोश कार्यक्रम के ऑनलाइन उद्घाटन समारोह में शिरकत की गई। इस मौके पर टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों को उनके द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। केंद्रीय स्तर पर शुरू की गई इस पहल के तहत जोश टीमें ब्लॉक/वार्ड स्तर पर काम करेंगी। प्रत्येक टीम में पांच माई भारत वालंटियर और पांच एन.सी.सी. कैडेट शामिल होंगे, जिनकी अगुवाई जिला टी.बी. अधिकारी डॉ. राजिंदर कौर और मेडिकल अधिकारी डॉ. मलकीत सिंह द्वारा की जाएगी। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य लोगों में टी.बी. संबंधी जागरूकता पैदा करना और सामुदायिक स्तर पर टी.बी. की रोकथाम तथा मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और प्रभावी बनाना है। समारोह के दौरान उपस्थित टीम सदस्यों और सहयोगियों को टी.बी. मुक्त भारत के लिए अपनी भूमिका निभाने और जागरूकता गतिविधियों को गांवों तथा समुदायों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

सिंघपुरा रोड पर लोक मिलनी कार्यक्रम में राणा रणजीत सिंह गिल ने सुनीं लोगों की समस्याएं

डेली आवाज भारती



कुराली/संदीप अकालगढ़िया : भारतीय जनता पार्टी पंजाब के उपाध्यक्ष राणा रणजीत सिंह गिल द्वारा लोक मिलनी कार्यक्रम के तहत बीते दिन सिंघपुरा रोड पर स्थानीय लोगों के साथ बैठक की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं और विचार राणा रणजीत सिंह गिल के समक्ष रखे। इस अवसर पर राणा रणजीत सिंह गिल ने कहा कि पंजाब में विकास को गति देने और नशे की समस्या से निपटने के लिए भाजपा द्वारा लगातार लोगों के बीच जागरूकता पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब द्वारा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में निकाली गई नशा मुक्त पंजाब यात्रा को लोगों का भरपूर समर्थन मिला है। राणा रणजीत सिंह गिल ने कहा कि नशा मुक्त पंजाब यात्रा के समापन समारोह के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पंजाब में सरकार बनने के बाद दो वर्षों के भीतर पंजाब को नशा मुक्त करने का संकल्प व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा अपने चुनावी वादों को पूरा करने और लोगों से किए गए वादों को अमली रूप देने पर जोर दिया जाता है। लोक मिलनी के दौरान राणा रणजीत सिंह गिल ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के दौरे के दौरान यह बात सामने आई है कि लोग कच्ची एवं खस्ताहाल सड़कों, सीवरेज की समस्या तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। राणा रणजीत सिंह गिल ने कहा कि इन समस्याओं को संबंधित सरकारी विभागों और सरकार के ध्यान में लाकर जल्द से जल्द समाधान करवाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोगों की मुश्किलों के समाधान के लिए वह अपने स्तर पर भी हर संभव प्रयास करेंगे।

दशमेश कुश्ती अखाड़ा दयालपुरा के पहलवानों ने जीते स्वर्ण पदक, नेशनल स्कूल गेम्स के लिए चयन पक्का



डेली आवाज भारती

ज़ीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल। दशमेश कुश्ती अखाड़ा दयालपुरा के पहलवानों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ स्कूल गेम्स में विभिन्न भार वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर अखाड़े और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ ही इन पहलवानों का चयन नेशनल स्कूल गेम्स के लिए हो गया है। अखाड़े के कोच राजेंद्र कुमार और रिंकू शर्मा ने बताया कि जसकरण प्रीत ने अंडर-19 (61 किग्रा) फ्री स्टाइल कुश्ती में, कमलप्रीत ने अंडर-17 (60 किग्रा) फ्री स्टाइल कुश्ती में, अमीन खान ने अंडर-19 (72 किग्रा) ग्रीको-रोमन कुश्ती में और हरमनजीत ने अंडर-19 (67 किग्रा) में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। पहलवानों की इस उपलब्धि पर अखाड़े के कोचों और क्षेत्रवासियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और नेशनल गेम्स में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

एस.आई.आर.: इलेक्शन रोल ऑब्जर्वर द्वारा पूरी प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक समीक्षा

डेली आवाज भारती



संगरूर, मोहिंदर सिंह, भारत चुनाव आयोग की हिदायतों के तहत जिला संगरूर में चल रही एस.आई.आर.-2026 के अधीन मतदाता सूचियों की संशोधन प्रक्रिया का निरीक्षण करने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी, पंजाब द्वारा नियुक्त इलेक्शन रोल ऑब्जर्वर श्री वरिंदर कुमार शर्मा, आई.ए.एस., सचिव-कम-डायरेक्टर, खाद्य, सिविल सप्लाई द्वारा जिला दौरे के दौरान पूरी प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

इस मौके पर उन्होंने विधानसभा चुनाव क्षेत्रों 99-लहरा, 100-दिड़बा और 101-सुनाम के समूह चुनावकार रजिस्ट्रेशन अधिकारियों के साथ बैठक की। चुनावकार रजिस्ट्रेशन अधिकारी-विधानसभा चुनाव क्षेत्र 101-सुनाम-कम-उप मंडल मैजिस्ट्रेट, सुनाम श्री गगनदीप सिंह ने रोल ऑब्जर्वर का स्वागत करते हुए जिले में मतदाता सूचियों के संशोधन के तहत दावों और आपत्तियों के निपटारे की प्रगति संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा और दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। श्री वरिंदर कुमार शर्मा ने नोटिस चरण, प्राप्त दावों एवं आपत्तियों, उनके निपटारे तथा मतदाता सूचियों के संशोधन की प्रगति का जायजा लेते हुए कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का उद्देश्य सही और त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना और किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम शामिल न होना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में चुनावकार रजिस्ट्रेशन अधिकारी-विधानसभा चुनाव क्षेत्र 099-लहरा-कम-उप मंडल मैजिस्ट्रेट, लहरा श्री राकेश प्रकाश, चुनावकार रजिस्ट्रेशन अधिकारी-विधानसभा चुनाव क्षेत्र 100-दिड़बा-कम-उप मंडल मैजिस्ट्रेट, दिड़बा श्री तरसेम चंद, चुनावकार रजिस्ट्रेशन अधिकारी-विधानसभा चुनाव क्षेत्र 101-सुनाम-कम-उप मंडल मैजिस्ट्रेट, सुनाम श्री गगनदीप सिंह के अलावा चुनाव तहसीलदार परमजीत कौर सहित चुनाव स्टाफ उपस्थित था।

किसान नेताओं पर मामले दर्ज करना किसी समस्या का समाधान नहीं, मंडियों में समय पर हो लिफ्टिंग : सुरिंदर सिंह हरीपुर

डेली आवाज भारती



रूपनगर/संदीप अकालगढ़िया: वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरिंदर सिंह हरीपुर ने आज रूपनगर दाना मंडी और पुरखाली दाना मंडी का दौरा कर किसानों तथा आढ़तियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं।

इस अवसर पर सुरिंदर सिंह हरीपुर ने कहा कि मंडियों में किसानों और आढ़तियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन लोकतंत्र में ऐसा नहीं होना चाहिए। यदि कहीं कोई समस्या या गलत व्यवस्था है तो उसे ठीक करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। सुरिंदर सिंह हरीपुर ने प्रशासन द्वारा किसान नेताओं पर की गई कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि किसान नेताओं पर मामले दर्ज करना किसी समस्या का समाधान नहीं है। जरूरत इस बात की है कि मंडियों में किसानों की फसल की समय पर लिफ्टिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि पिछले सीजन की गेहूं के ढेर भी लंबे समय तक मंडियों में पड़े रहे और किसान नेताओं को बड़ी जद्दोजहद के बाद उनकी लिफ्टिंग करवानी पड़ी। अभी भी कुछ गेहूं के ढेर मंडियों में पड़े हुए हैं। अब धान की फसल की लिफ्टिंग समय पर न होने के कारण किसान मंडियों में अपना धान लेकर आने में परेशानी महसूस कर रहे हैं। हरीपुर ने कहा कि मंडियों में किसानों की फसल की सही संभाल, सुखाने और साफ-सफाई के लिए फड़ बनाए गए हैं, न कि उन्हें फसल के ढेरों से भरने के लिए। उन्होंने कहा कि यदि समय पर लिफ्टिंग नहीं होगी तो किसानों को अपनी फसल मंडियों में लाने और उसकी बिक्री में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि प्रशासन और सरकार किसानों पर दर्ज किए गए मामलों को रद्द करे तथा मंडियों में धान की समयबद्ध लिफ्टिंग सुनिश्चित करे। सुरिंदर सिंह हरीपुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पंजाब के लोगों, मजदूरों और किसानों की आवाज को दबने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ किसी भी तरह की धक्केशाही का विरोध किया जाएगा। इस मौके पर सुखविंदर सिंह बिंदरख, हरप्रीत भाऊआल, किसान नेता, आढ़ती तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रताप सिंह बाजवा का बड़ा हमला: लोकतंत्र और वोटिंग अधिकारों पर हो रहे प्रहार के खिलाफ कांग्रेस एकजुट

वोटरों के अधिकारों का हनन: 13 करोड़ वोटों की कटौती पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से न्याय की गुहार

डेली आवाज भारती



अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रताप सिंह बाजवा ने राज्य तथा केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए बाजवा ने स्पष्ट किया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी का एकमात्र विकल्प और सशक्त विकल्प केवल कांग्रेस पार्टी ही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी एकजुटता के साथ लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। प्रताप सिंह बाजवा ने देश में वोटर लिस्ट से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व-मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी-लगातार इस देशव्यापी मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि देश भर में लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जो कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों और संविधान पर सीधा हमला है। बाजवा ने आरोप लगाया कि आगामी 5 राज्यों के चुनावों (उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मेघालय और गोवा) को प्रभावित करने के उद्देश्य से सुनियोजित तरीके से सिखों, मुस्लिमों, ईसाइयों, दलितों और पिछड़े वर्गों के वोट काटे जा रहे हैं। चंडीगढ़ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां लगभग 30त्न वोट काट दिए गए हैं। इस स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश (ष्ठ्ठह्ल) से हस्तक्षेप करने और न्याय सुनिश्चित करने की अपील की। पंजाब के मुख्यमंत्री आवास (कैंप ऑफिस) और ओएसडी (ह्वस्ठ) से जुड़े परिसरों पर हुई हालिया सीबीआई छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए बाजवा ने भगवंत मान सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने याद दिलाया कि अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान खुद पारदर्शी प्रशासन की बातें करते थे, लेकिन अब जब जांच की आंच उनके अपने कार्यालय तक पहुंच गई है, तो वे जवाबदेही से बच रहे हैं। बाजवा ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री में थोड़ी सी भी नैतिक मर्यादा बची है, तो उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक सीबीआई की जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक मुख्यमंत्री को पद छोड़ना चाहिए, और निर्दोष साबित होने पर ही वापस आना चाहिए।

page 5_Layout 1 08-10-2026 21:38 Page 1

बच्चों से किया वादा निभाया, स्कूलों को मिले 4 करोड़

भटवाड़ी-काशापाट की 9 घोषणाओं के लिए 15.75 करोड़ जारी, सड़क-पुल और सुरक्षा कार्यों को भी मिलेगी रफ्तार

डेली आवाज भारती



शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान बच्चों और स्थानीय लोगों से किए वायदों को अमलीजामा पहनाते हुए शिमला जिले के रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के भटवाड़ी और रामपुर विधानसभा क्षेत्र के काशापाट में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 15.75 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। इनमें स्कूल भवनों के निर्माण के लिए ही चार करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान स्थानीय लोगों की ओर से रखी गई मांगों और की गई घोषणाओं के अनुरूप योजना विभाग ने संबंधित विकास कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृतियां जारी की हैं। इससे सड़क, पुल, फुटब्रिज, क्रैश बैरियर और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। रामपुर में विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान एक छात्रा ने मुख्यमंत्री से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रचौली के नए भवन के निर्माण के लिए दो करोड़ रुपये की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री ने बच्चों की इस मांग को प्राथमिकता देते हुए धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की थी। अब योजना विभाग ने इसके लिए दो करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी कर दी है। इसी तरह काशापाट स्कूल के नए भवन के निर्माण के लिए भी दो करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इससे दोनों स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में काम आगे बढ़ेगा। रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के तांगणू-जांगलिक पंचायत क्षेत्र में स्थानीय लोगों की मांग पर सुंदरु खड्ड पर पुल निर्माण के लिए चार करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अलावा बरशील पुल के लिए एक करोड़ रुपये तथा शिशारा में फुटब्रिज निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। रोहड़ू में अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रुपये भी जारी किए गए हैं। योजना विभाग की ओर से इसकी स्वीकृति का पत्र लोक निर्माण विभाग को भेज दिया गया है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के काशापाट में धनदोल से काशापाट तक क्रैश बैरियर लगाने के लिए दो करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। वहीं, जबल से खाबल सड़क के सुधार और क्रैश बैरियर लगाने के लिए भी दो करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों से पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा मजबूत होने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आवाजाही को भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

'सरकार गांव के द्वार' में घोषणाओं पर तेजी से अमल

'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम को सरकार जनसमस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने के मंच के तौर पर आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रमों के दौरान मुख्यमंत्री सीधे ग्रामीणों और स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी मांगें सुन रहे हैं। इसके बाद संबंधित विभागों के माध्यम से घोषणाओं के लिए वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा रही हैं। सरकार का कहना है कि जनता से किए गए वायदों को केवल घोषणा तक सीमित न रखकर उन्हें धरातल पर उतारने पर जोर दिया जा रहा है। भटवाड़ी और काशापाट में 15.75 करोड़ रुपये की स्वीकृति को इसी कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

पराली जलाने की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए एसडीएम महल कलां ने दिए सख्त निर्देश

डेली आवाज भारती



महल कलां/नवीन काली। धान की पराली के उचित प्रबंधन और इसे आग लगाने की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए तहसील कार्यालय महल कलां में उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) श्री बेअंत सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्री बेअंत सिंह ने सब-डिवीजन महल कलां के कानूनगोई हलका वजीदके कलां और महल कलां में तैनात क्लस्टर अधिकारियों, सहायक क्लस्टर अधिकारियों, ओवरऑल इंचार्जो तथा नोडल अधिकारियों की ड्यूटी संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी अधिकारियों को रोजाना फील्ड में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने, किसानों के साथ लगातार तालमेल बनाए रखने और पराली न जलाने के संबंध में अधिक से अधिक जागरूकता पैदा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से हिदायत दी कि पिछले वर्षो के दौरान पराली जलाने के अधिक मामलों वाले हॉटस्पॉट गांवों पर विशेष नजर रखी जाए। ऐसे गांवों के किसानों से विशेष रूप से संपर्क कर उन्हें पराली के उचित प्रबंधन के लिए प्रेरित किया जाए तथा गांवों में जागरूकता कैंप और बैठकें आयोजित की जाएं। कृषि मशीनरी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि कृषि विभाग की ओर से सहकारी सभाओं के पास बेलर, हैप्पी सीडर सहित आवश्यक मशीनरी उपलब्ध करवाई गई है। मशीनरी की उपलब्धता और संपर्क नंबरों संबंधी जानकारी गांवों के सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर दी गई है। इसके अलावा कोऑपरेटिव सोसायटियों के सेक्टरों में कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा गांवों के नंबरदारों और चौकीदारों के माध्यम से गुरुद्वारों से पराली न जलाने की अपील संबंधी अनाउंसमेंट करवाने के आदेश दिए गए। ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) महल कलां को गांवों के सरपंचों के साथ तालमेल कर गांव स्तर पर बैठकें सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर तहसीलदार महल कलां श्री सुखबीर सिंह, बीडीपीओ श्री राजिंदर सिंह, ब्लॉक मैनेजर श्री सनविंदरपाल सिंह, एसडीओ वाटर सप्लाई श्री जतिंदर सिंह, जेई श्री कुलविंदर सिंह, जेई श्री वरिंदर सिंह तथा कृषि विभाग से श्री कुलवीर सिंह (एटीएम) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

धौला में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सुनीं लोगों की समस्याएं

डेली आवाज भारती



धौला/बरनाला/राकेश जेठीः राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली के सदस्य श्री प्रियंक कानूनगो ने बुधवार को धौला में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर गांववासियों से बातचीत करते हुए श्री प्रियंक कानूनगो ने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए पूरे परिवार को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के साथ समय बिताएं, दिन में कम से कम एक समय का भोजन परिवार के साथ बैठकर करें और बच्चों को अकेला न छोड़ें। उन्होंने कहा कि परिवार के साथ समय बिताने से बच्चे अपने मन की बात और अपनी परेशानियां माता-पिता के साथ साझा करते हैं। इससे उन्हें गलत संगत से बचाने में मदद मिलती है और वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रह सकते हैं। इस दौरान श्री कानूनगो ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का उचित समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उपमंडल मजिस्ट्रेट तपा श्री आयुष गोयल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी श्री स्विंदर सिंह, डीएसपी तपा श्री जसकरण सिंह बराड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अगर आप चाहें तो मैं इसकी हेडलाइन और ज्यादा प्रभावशाली करके फ्रंट-पेज स्टाइल में भी बना सकता हूं।

70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलें: नैटबॉल में मेजबान बरनाला की लड़कियां चैंपियन

डेली आवाज भारती



धनौला/गोपालः जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी शिक्षा) सुनीतइंदर सिंह गिल के नेतृत्व में यहां पीएम श्री सससस (लड़के) में चल रही 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलों के तहत नैटबॉल अंडर-19 के मुकाबलों में मेजबान बरनाला की लड़कियों ने ख्याला कलां विंग को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने और विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित करने के लिए पीएम श्री सससस चीमा जोधपुर के प्रिंसिपल अनिल मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों द्वारा दिखाई गई खेल भावना की सराहना की। डीएम स्पोर्ट्स बरनाला सिमरदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि बरनाला और ख्याला कलां विंग के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में बरनाला की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ख्याला कलां विंग को 37-27 अंकों के अंतर से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। वहीं श्री मुक्तसर साहिब की टीम ने संगरूर को 27-7 अंकों से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। आज शुरू हुए लड़कों के लीग मुकाबलों में श्री मुक्तसर साहिब ने गुरदासपुर, जालंधर ने श्री फतेहगढ़ साहिब, लुधियाना ने अमृतसर, तरनतारन ने मानसा, पटियाला ने संगरूर, मलेरकोटला ने श्री फतेहगढ़ साहिब, जालंधर ने श्री मुक्तसर साहिब, फाजिल्का ने मोगा, बठिंडा ने फरीदकोट और बरनाला ने रूपनगर को हराया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी बरनाला रुपेश बेगड़ा, हेड मास्टर प्रदीप कुमार, कोच अजय नागर, बलजिंदर सिंह, दलजीत सिंह, दिनेश कुमार, मनजीत सिंह, लिवलीन सिंह, राजिंदर सिंह, अवतार सिंह, गुरलाल ऋषि, परमजीत कौर, सुखराज कौर, तेजिंदर सिंह, अरविंद कुमार, जसप्रीत सिंह, जसपिंदर कौर, श्वेता कटारिया, हरमनदीप कौर, प्रितपाल सिंह, खुशदीप सिंह, सुखवीर सिंह, जसवीर सिंह, परमजीत कौर, संदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, जरनैल सिंह, नरिंदर सिंह, जगसीर सिंह सहित विभिन्न जिलों से आए टीम इंचार्ज, कोच और खिलाड़ी मौजूद रहे।

गांव जलूर में एडीसी ने की किसान मिलनी, पराली प्रबंधन के लिए किसानों को किया जागरूक

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन काली। पंजाब सरकार की ओर से पराली प्रबंधन संबंधी चलाई जा रही जागरूकता मुहिम के तहत अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर बरनाला श्री विवेक कुमार मोदी ने गांव जलूर में किसानों के साथ किसान मिलनी की। इस दौरान उन्होंने किसानों को पराली को खेतों में ही मिलाकर उसका उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। किसानों से बातचीत करते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने अपील की कि पराली जलाने से जमीन की उपजाऊ शक्ति, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी को मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला बरनाला में पराली एकत्र करने और डंप करने के लिए जिले के अंदर और बाहर के एग्रीगेटरों तथा बेलर मालिकों को आमंत्रित किया गया है। प्रशासन की ओर से विभिन्न गांवों में पंचायती शामलात जमीन की पहचान भी की जा चुकी है। यदि किसी को पराली की स्टोरेज के लिए जमीन की आवश्यकता है तो वह जिला प्रशासन से संपर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि जलूर-नंगल रोड पर 'मार्क बायो फ्यूल' स्थापित हो चुका है और गांव में बेलर भी पहुंच चुके हैं। इसके लिए पंचायत को आगे आकर पूरा सहयोग करने की अपील की गई। श्री विवेक मोदी ने स्पष्ट किया कि धान की कटाई के लिए कोई भी कंबाइन मशीन सुपर एसएमएस (स्ह्लश्चद्दह्य स्रूस्र) के बिना नहीं चलाई जाएगी। शाम 6 बजे से सुबह 10 बजे तक कंबाइनों से धान की कटाई पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में पराली को आग न लगाई जाए, बल्कि उपलब्ध मशीनरी का इस्तेमाल कर इसका उचित प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान को मशीनरी संबंधी समस्या आती है तो वह सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक कंट्रोल रूम नंबर 8264425663 या ब्लॉक कृषि अधिकारी से संपर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से पराली न जलाने वाले किसानों के लिए 7 लाख रुपये का लकी ड्रॉ भी चलाया गया है। किसान 10 अक्टूबर तक दिए गए लिंक पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रशासन की ओर से गांव की सहकारी सभाओं में उपलब्ध कृषि मशीनरी और बेलरों की सूचियां भी लगाई गई हैं, ताकि किसानों को इनका पूरा लाभ मिल सके। गांव की पंचायत और किसानों ने पराली को आग न लगाने तथा प्रशासन को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी बरनाला डॉ. सुखपाल सिंह गिल ने किसानों को पराली खेतों में मिलाएं, उगने की शक्ति बढ़ाएं और पराली जलाकर महंगे पोषक तत्व न गंवाएं का संदेश दिया। वहीं सीएक्यूएम शाहिद खान ने भी किसानों से पराली न जलाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर डीएसपी (मुख्यालय), कृषि विकास अधिकारी जसविंदर सिंह, सहायक कृषि अभियंता/टेक्निकल बेअंत सिंह, सहायक नोडल अधिकारी सुनीता शर्मा, क्लस्टर अधिकारी, अन्य स्टाफ तथा गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

नयागांव में बंद पड़ी रजिस्ट्रियों को लेकर डीलर वेलफेयर एसोसिएशन की अहम बैठक, उठाई बहाली की मांग

डेली आवाज भारती



नयागांवः / (हरतेज तेजी) नयागांव डीलर वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) की एक विशेष बैठक प्रधान मनजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य एजेंडा नयागांव क्षेत्र में घरों और प्लाटों की रुकी हुई रजिस्ट्रियों से जुड़ी समस्याओं पर विचार-विमर्श करना था। डीलर भाईचारे ने बताया कि माननीय हाईकोर्ट द्वारा बीते दिनों वन विभाग (फॉरेस्ट डिपार्टमेंट) से 16 गांवों के रकबे की निशानदेही कर रिपोर्ट तलब की गई थी। इसी सिलसिले में इन 16 गांवों की रजिस्ट्रियों पर रोक लगाई गई थी, जिसमें नयागांव का कुछ क्षेत्र भी शामिल है। ह्यह्यश्चष्ठद्बड्डह्लद्बश्ठ्ठ के सदस्यों ने कहा कि रजिस्ट्रियों पर रोक लगने के कारण आम जनता को भारी ख्वारी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि रजिस्ट्री न होने के कारण घरों में बिजली के मीटर और पानी के नए कनेक्शन तक नहीं लग पा रहे हैं। डीलर भाईचारे ने पंजाब सरकार और माननीय हाईकोर्ट से पुरजोर अपील की है कि नयागांव नगर कौंसिल के अधीन आने वाले क्षेत्र की रजिस्ट्रियों पर लगी रोक को जल्द हटाया जाए, ताकि आम लोगों की मुश्किलों का समाधान हो सके। बैठक में एसोसिएशन के प्रधान मनजीत सिंह के अलावा चेयरमैन सुदेश सूद, वाइस चेयरमैन जोगिंदर पाल, संजीव लखनपाल, रोशन लाल, सरबजीत सिंह, राजकुमार, जगदीश सिंह, बूटा सिंह, बलविंदर सिंह, गुरिंदर मोहन, डॉ. राकेश, अशोक कुमार, छाहिल, अवतार सिंह, गुरप्रीत सिंह टाडा और नगर कौंसिल प्रधान सुरिंदर बब्बल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत जिले की 16 पंचायतों और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष सम्मान

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन काली। स्वास्थ्य विभाग बरनाला की ओर से 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान जिला बरनाला के 16 गांवों की पंचायतों और उनसे संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को गांवों को टीबी मुक्त बनाने में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम बरनाला के मेयर हसनप्रीत भारद्वाज, जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार बरनाला कुलदीप सिंह तथा सिविल सर्जन बरनाला डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू शामिल हुए। उन्होंने पंचायतों को सम्मान पत्र भेंट किए। इस अवसर पर मेयर हसनप्रीत भारद्वाज, तहसीलदार कुलदीप सिंह और सिविल सर्जन डॉ. हरिपाल सिंह सिद्धू ने कहा कि इन 16 गांवों को टीबी मुक्त बनाने का श्रेय गांवों की पंचायतों, मल्टीपर्पज हेल्थ वर्करों (मेल/फीमेल), कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों और आशा वर्करों की मेहनत एवं लगन को जाता है। उन्होंने जिले के बाकी गांवों को भी टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण सहयोग देने की अपील की। समारोह के दौरान जिला टीबी अधिकारी/नोडल अधिकारी डॉ. मोनिका बांसल, जिला मास मीडिया एवं सूचना अधिकारी कुलदीप सिंह मान, जिला प्रोग्राम मैनेजर कुलवंत सिंह और डिप्टी मास मीडिया अधिकारी बलराज सिंह ने अभियान संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिले के गांवों और शहरों में विशेष कैंप लगाकर हैंड-हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों के माध्यम से जांच की जाती है। संदिग्ध मरीजों के बलगम की जांच 'ट्रूनेट' मशीन के माध्यम से की जाती है। टीबी का निःशुल्क उपचार जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि यदि लगातार दो सप्ताह से खांसी, हल्का बुखार, वजन कम होना, भूख न लगना या थकान जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल अथवा लगाए जा रहे स्वास्थ्य कैंपों में पहुंचकर अपनी जांच करवाएं। इस सम्मान समारोह में डिस्ट्रिक्ट यूथ ऑफिसर आभा सोनी और उनकी टीम, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर सुखविंदर सिंह, धनौला से रेडियोग्राफर सुरजीत सिंह तथा टीबी ब्रांच से सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर ज्योति सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

पंजाब में हो गया छुट्टी का ऐलान! सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

पंजाब सरकार ने शुक्रवार, 16 अक्टूबर को आरक्षित छुट्टी का ऐलान किया है। सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक यह छुट्टी बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के जन्म दिवस के अवसर पर घोषित की गई। इस छुट्टी को लेकर सरकारी कर्मचारियों के लिए आदेश जारी किए गए हैं। यह आरक्षित छुट्टी होने के कारण सभी सरकारी संस्थान पूरी तरह बंद नहीं रहेंगे। कर्मचारियों को छुट्टी लेने के लिए लागू नियमों के अनुसार इसका लाभ मिलेगा। 16 अक्टूबर को घोषित आरक्षित छुट्टी का असर स्कूल-कॉलेजों पर नहीं पड़ेगा। सरकारी नोटिफिकेशन के अनुसार शिक्षण संस्थान सामान्य रूप से खुले रहेंगे। दरअसल, आरक्षित छुट्टियों का लाभ सरकारी कर्मचारियों को मिलता है। कर्मचारी घोषित आरक्षित छुट्टियों की सूची में से अपनी पसंद के अनुसार कोई भी दो छुट्टियां ले सकते हैं। ऐसे में 16 अक्टूबर को स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थानों में नियमित कामकाज जारी रहेगा।

जालंधर तहसील में हंगामा, विजिलेंस ने रिश्वत लेते पटवारी और उसके साथी को किया अरेस्ट

इंतकाल के बदले 3 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी

- पीड़ित द्वारा इसके बाद विजिलेंस को दी शिकायत
- 2 सरकारी गवाहों की मौजूदगी में गिरफ्तार किया
- आरोपियों की पहचान विश्वजीत और राकेश कुमार

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर तहसील कॉम्प्लैक्स में आज उस समय हंगामा देखने को मिला जब विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पटवारी और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान विश्वजीत और राकेश कुमार के रूप में हुई है। दोनों को विजिलेंस की टीम अपने साथ पकड़ कर ले गई। पीड़ित ने बताया कि पटवारी और उनके साथी ने इंतकाल के बदले 3 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद इसकी शिकायत विजिलेंस को दी, विजिलेंस ने इसके बाद दोनों आरोपियों को 2 सरकारी गवाहों की मौजूदगी में रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 08-10-2026 16:43 Page 1


भावपूर्ण श्रद्धांजली



तनुश्री दत्ता

ने नाना पाटेकर के निधन पर परिजनों के प्रति जताई संवेदना

8 साल पहले लगाया था गंभीर आरोप



यादों में नाना

जब 'उदय भाई' को एक शो के मिलते थे सिर्फ 50 रुपए

पत्नी कमाती थी 2,500 महीना

दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन की खबर सामने आने के बाद अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया के माध्यम से अभिनेता के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर अपना वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि वह काम के सिलसिले में लखनऊ आई हुई हैं और अपने काम पर पूरा ध्यान देना चाहती हैं। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि इस स्थिति में कैसी प्रतिक्रिया दें। अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने कहा, ‘मैंने अभी खबर सुनी है, आज मेरे काम का दिन है। मैं एक कार्यक्रम के लिए लखनऊ में हूं और मैं उसी पर ध्यान देना चाहती हूं। मैंने सोच रखा था कि आज पूरे दिन लाइव करूंगी और कंटेंट पोस्ट करूंगी। अभिनेत्री ने कहा, जब मुझे समझ आ जाएगा कि मुझे किस तरह की प्रतिक्रिया देनी चाहिए, तब मैं अपनी प्रतिक्रिया दूंगी। इसलिए, निश्चित रूप से, परिवार के प्रति संवेदनाएं। निर्माता व निर्देशक करण जौहर ने भी इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर नाना पाटेकर के निधन की खबर पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, ‘नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक थे, उन्होंने हमें अनगिनत यादगार और दमदार किरदार दिए। किसी भी शैली में इतनी गरिमा, ताकत और प्रभाव के साथ प्रदर्शन करने वाले बहुत कम अभिनेता होते हैं और नाना पाटेकर जी उनमें से एक थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। हमें केवल बेहतरीन और प्रतिष्ठित प्रदर्शन देने के लिए धन्यवाद सर। वहीं, अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर नाना पाटेकर की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, ‘एक कलाकार, एक प्रभावशाली व्यक्तित्व और एक अमर आवाज। नाना पाटेकर के जाने से फिल्म इंडस्ट्री ने एक अनमोल और दिग्गज कलाकार खो दिया। उनके परिजनों और रिश्तेदारों के प्रति हार्दिक संवेदना। भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर नाना पाटेकर का नाम आते ही आंखों के सामने उनकी दमदार आवाज, गुस्से से भरे एक्सप्रेशन और पर्दे पर निभाए गए ऐसे किरदार घूमने लगते हैं, जिन्हें भुलाना आसान नहीं है। कभी उन्होंने पुलिस इंस्पेक्टर बनकर लोगों का दिल जीता तो कभी 'उदय भाई' बनकर अपनी अलग पहचान बनाई। लेकिन, एक दौर ऐसा भी था, जब यही अभिनेता फिल्मों की दुनिया में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था। उस समय नाना पाटेकर को एक शो के लिए सिर्फ 50 रुपए मिलते थे, जबकि उनकी पत्नी नीलकांति पाटेकर बैंक में नौकरी करती थीं और उनकी महीने की सैलरी करीब 2,500 रुपए थी। नाना पाटेकर का असली नाम विश्वनाथ पाटेकर था। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने थिएटर के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा। उनका शुरुआती दौर आसान नहीं था। एक साधारण परिवार से आने वाले नाना ने कम उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था। उन्हें आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। एक समय ऐसा था, जब उनकी कमाई इतनी कम थी कि गुजारा करना भी चुनौती बन जाता था। नाना पाटेकर और नीलकांति पाटेकर ने 1978 में शादी की थी। कहा जाता है कि दोनों की शादी भी बेहद सादगी से हुई थी और उस समय शादी का कुल खर्च करीब 750 रुपए आया था। नीलकांति पाटेकर उस समय बैंक में अधिकारी थीं और उनकी मासिक आय करीब 2,500 रुपए थी, जबकि नाना पाटेकर को एक शो के लिए महज 50 रुपए मिला करते थे। नाना पाटेकर ने अपने करियर में कई यादगार किरदार निभाए, लेकिन फिल्म 'वेलकम' का उदय शेट्टी यानी उदय भाई का किरदार आज भी दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। उनकी खास डायलॉग डिलीवरी, गुस्सा और कॉमिक टाइमिंग ने इस किरदार को यादगार बना दिया।

हालांकि, नाना की पहचान सिर्फ एक किरदार तक सीमित नहीं रही। 'परिंदा', 'क्रांतिवीर', 'अग्नि साक्षी', तिरंगा', 'खामोशी- द म्यूजिकल' और 'अब तक छप्पन' जैसी फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग रंग के किरदार निभाए। आज नाना पाटेकर हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके निभाए किरदार, उनकी आवाज और उनके संवाद हमेशा दर्शकों की यादों में जिंदा रहेंगे। कभी एक शो के लिए 50 रुपए पाने वाला यह कलाकार अपनी मेहनत और हुनर के दम पर सिनेमा में ऐसी पहचान छोड़ गया, जिसे मिटा पाना आसान नहीं है।



अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर दुख जाहिर किया। उन्होंने आईएएनएस के साथ बातचीत में अभिनेता को अपना करीबी दोस्त बताया और ऑन-स्क्रीन के साथ-साथ ऑफ-स्क्रीन में भी उनकी सादगी की तारीफ की। मिथुन ने बताया कि वह नियमित रूप से पुणे स्थित नाना पाटेकर के घर जाया करते थे और दोनों के बीच गर्मजोशी भरी दोस्ती थी। उन्होंने कहा, वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे और मैं अक्सर उनके घर जाया करता था। हालांकि, वह मेरे घर नहीं आते थे। मिथुन ने नाना पाटेकर के व्यक्तित्व की तारीफ करते हुए कहा, वह बहुत अच्छे अभिनेता थे, बहुत सादगी से जीवन जीते थे और साधारण कपड़े पहनते थे। ममता कुलकर्णी ने भी नाना पाटेकर के निधन पर दुख जताया। उन्होंने आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा कि नाना पाटेकर उनके साथ छोटी बच्ची की तरह व्यवहार करते थे। उन्होंने कहा, यह दुखद खबर है कि नाना पाटेकर हमारे बीच नहीं रहे। मैंने उनके साथ दो फिल्में 'क्रांतिवीर' और 'तिरंगा' की और दोनों ही फिल्मों के मेकर मेहुल जी ही थे। दोनों ही फिल्में ब्लॉकबास्टर रही थीं। हम दोनों लोखंडवाला में एक ही बिल्डिंग में रहते थे। अक्सर शूटिंग के लिए मैं सुबह जाया करती थी, तो वे उस समय बैडमिंटन खेला करते थे और मुझे जैसे देखते थे, तो मेरे सर पर हाथ रखते और देखते थे कि मेरे बाल गीले हैं, तो कहते थे कि अरे गीले बालों में जा रही है, बीमार पड़ जाएगी। वापस जाघर अपने बाल सुखा और फिर जा। उन्होंने कहा, 'उन्होंने मुझे अपने बच्चे की तरह देखा है, वह एक शानदार एक्टर रहे हैं। तिरंगा और क्रांतिवीर दोनों के लिए उन्हें अवॉर्ड मिले। एक ही बिल्डिंग की वजह से मैं अक्सर उनके घर भी जाया करती थी और जब भी जाती थी, तो पूछते थे कि क्या लेगी तो मैं भी बोल देती थी कि चाय पिला दीजिए, तो बोलते थे जा जाकर बनाकर ला और मुझे भी दे। वो बिल्कुल भी बड़े एक्टर की तरह व्यवहार नहीं करते थे। नाना पाटेकर और अमरीश पुरी ऐसे अभिनेता रहे हैं, जिनकी जगह कोई भी नहीं ले सकता है। अभिनेता राजपाल यादव ने इंस्टाग्राम पर नाना पाटेकर की तस्वीर पोस्ट कर लिखा, कुछ मुलाकातें और कुछ लोग जिंदगी में हमेशा याद रह जाते हैं। नाना भाऊ के साथ हाल ही में 'वनवास' के दौरान फिर से स्क्रीन शेयर करने का सौभाग्य मिला। इतने वर्षों से जिनकी अदाकारी को देखते और सराहते आए, उनके साथ फिर से काम करना मेरे लिए बेहद खास अनुभव था। उन्हें सिर्फ उनके किरदारों के जरिए नहीं बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी जानने और उनसे कई बार मिलने का मौका मिला और उनकी सादगी और अपनेपन की यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। एक बेमिसाल कलाकार को खोने का दुख तो है ही लेकिन एक खूबसूरत इंसान को खोने का दर्द उससे भी ज्यादा है। भाऊ, आपका काम और आपकी यादें हमेशा हमारे बीच रहेंगी। भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

नाना पाटेकर के निधन पर मिथुन चक्रवर्ती ने जताया शोक

बोले- बेहद करीबी दोस्त थे



नाना पाटेकर के निधन पर पीएम मोदी ने जताया शोक

कहा- 'हिंदी और मराठी सिनेमा में उनका योगदान बहुत बड़ा'





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हिंदी और मराठी सिनेमा में नाना पाटेकर का योगदान बहुत बड़ा था। उनके निधन से एक बड़ी कमी महसूस हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, नाना पाटेकर में वह जबरदस्त जोश, अनोखापन और ऐसी दमदार मौजूदगी थी, जो बहुत कम अभिनेताओं में देखने को मिलती है। उन्होंने हर किरदार में कमाल की विविधता और रचनात्मकता दिखाई और हमें ऐसे पात्र दिए जिन्हें पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि नाना पाटेकर को उनकी बेबाक और स्पष्ट विचारों के लिए भी सराहा जाता था। वे अपनी बात कहने में कभी नहीं हिचकिचाते थे। उन्होंने कहा, हिंदी और मराठी सिनेमा में नाना पाटेकर का योगदान बहुत बड़ा था। उनके जाने से एक बड़ी कमी महसूस हो रही है। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत चाहने वालों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का जाना भारतीय सिनेमा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, बहुत कम अभिनेताओं में उनके जैसी असाधारण विविधता और गहराई थी। वे अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसा सकते थे, वहीं अंकुश, प्रहार और क्रांतिवीर जैसी फिल्मों में उन्होंने एक ऐसी गंभीरता दिखाई जिसने हर किरदार को यादगार बना दिया। उनकी आवाज, उनकी मौजूदगी और बिल्कुल अलग-अलग तरह के किरदारों में ढल जाने की उनकी क्षमता उन्हें सचमुच अद्वितीय बनाती थी। राजनाथ सिंह ने कहा कि नाना पाटेकर सिर्फ एक अभिनेता नहीं थे, वे अपने आप में एक संस्था थे। भारतीय सिनेमा में उनका उल्लेखनीय योगदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। उनकी आत्मा को शांति मिले। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय सिनेमा के महान अभिनेता नाना पाटेकर जी का निधन कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। पांच दशकों तक उन्होंने अपने सहज अभिनय और सशक्त संवाद अदायगी से दर्शकों के मन पर अमिट छाप छोड़ी। गंभीर सामाजिक विषय हों या हास्य-व्यंग्य, उन्होंने जिस किरदार को निभाया, उसे जीवंत बना दिया। शाह ने कहा कि 'नाम फाउंडेशन' के माध्यम से सूखे से जूझ रहे किसान परिवारों की सेवा हो या सीमा पर जाकर जवानों का हौसला बढ़ाना, वे ख्याति के शिखर पर पहुंचकर भी अपनी मिट्टी से जुड़े रहे। जब भी उनसे मिलना हुआ, उनकी सरलता व स्पष्टवादिता ने सदैव प्रभावित किया। ईश्वर शोकाकुल परिजनों व प्रशंसकों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी नाना पाटेकर के निधन पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा, जाने-माने अभिनेता, थिएटर के दिग्गज कलाकार और संवेदनशील समाजसेवी पद्म श्री नाना पाटेकर के निधन से गहरा दुख हुआ है। उनका जाना भारतीय सिनेमा, थिएटर और कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके शोकाकुल परिवार, मित्रों व अनगिनत प्रशंसकों को इस गहरे दुख को सहने की शक्ति और सांत्वना प्रदान करें।

अलविदा 'नट सम्राट' : नाना पाटेकर को याद कर छलका सुभाष घई से लेकर सोनू सूद समेत सितारों का दर्द

अभिनेता नाना पाटेकर के निधन की खबर सामने आने के बाद फिल्मी कलाकारों ने उन्हें भावुक श्रद्धांजलि दी और याद किया। किसी ने उन्हें स'चा दोस्त बताया, तो किसी ने उनके साथ हुई आखिरी बातचीत को याद किया। फिल्मकार सुभाष घई ने नाना को अलविदा कहते हुए अपने पोस्ट में लिखा, 'मराठी और हिंदी सिनेमा के साथ रंगमंच भी उन्हें हमेशा याद रखेगा। वह पर्दे के असली 'नट सम्राट' थे। उनके कई अलग-अलग पहलू थे। वे ऐसे दोस्त थे, जिनके रिश्ते में किसी तरह का स्वार्थ या लेन-देन नहीं था। वे अपने आप के प्रति बेहद ईमानदार इंसान थे। वे घर पर मां की तरह शानदार खाना बनाते थे। उनका हंसमुख स्वभाव और सोचने का अंदाज बिल्कुल अलग था। वे एक अनोखे दार्शनिक और समाज की मदद करने वाले व्यक्ति थे।' अभिनेता संजय दत्त ने भी नाना पाटेकर के निधन पर गहरा दुख जताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'अब भी यह विश्वास करना मुश्किल है कि नाना हमारे बीच नहीं हैं। मेरे पास उनके साथ बिताए समय की कई अ'छी यादें हैं। मैं इन यादों को हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उनका जाना सिर्फ उनके करीबियों और चाहने वाले लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे फिल्म जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वह शानदार अभिनेता, महान कलाकार और बेहद खास इंसान थे। मेरी उनके परिवार और करीबियों के प्रति संवेदना है। उनका जाना ऐसी कमी छोड़ गया है जिसे भर पाना आसान नहीं होगा। अभिनेता राज बब्बर ने नाना को याद करते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, 'बागी हमेशा के लिए चला गया। उनको याद करने से सिनेमा में साथ बिताए सालों की अनगिनत यादें ताजा हो जाती हैं। मुझे 'आज की आवाज' फिल्म साफ-साफ याद है, जिसे नाना के हिंदी सिनेमा में शुरुआती बड़े



मौकों में से एक माना जाता है। इसी फिल्म के दौरान हमने पहली बार साथ काम किया था। इसके बाद हम दोनों ने सिनेमा के सफर में कई खुशियां और मुश्किलें साथ देखीं।' राज बब्बर ने आगे लिखा, 'नाना सिर्फ बेहतरीन अभिनेता नहीं थे, बल्कि बेहद संवेदनशील इंसान भी थे। उनका अभिनय, उनकी तीव्रता और रचनात्मक ईमानदारी उनके जीने का तरीका था। वह उन सामाजिक मुद्दों को लेकर भी लगातार गंभीर रहे, जिनसे उनका जुड़ाव था। उनके भीतर एक गर्मजोशी भरा दिल था और इंसानी भावनाओं को समझने की गहरी क्षमता थी। नाना से मैंने हाल ही में बात की थी और उस समय वह काफी खुश नजर आए थे। एक महान अभिनेता के साथ-साथ एक अ'छे इंसान के तौर पर भी उनकी कमी हमेशा महसूस होगी।' संगीतकार ए. आर. रहमान ने भी नाना के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा, 'नाना पाटेकर के जाने की खबर से मैं बेहद दुखी हूं। नाना के परिवार और करीबियों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।' अभिनेता सोनू सूद ने नाना के साथ हुई अपनी हालिया बातचीत को याद किया। उन्होंने कहा, 'कुछ ही दिन पहले मेरी नाना से बात हुई थी और मैं उन्हें अपने फिल्म के काम में शामिल करने को लेकर उत्साहित था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि वह हमारी आखिरी बातचीत बन जाएगी। नाना का निधन फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसे स्वीकार करने में समय लगेगा। वह हमेशा याद आएंगे और उम्मीद है कि जहां भी वह हैं, वहां भी लोगों का मनोरंजन उसी तरह कर रहे होंगे, जैसे उन्होंने यहां सभी का किया।' गायक सोनू निगम ने भी नाना को याद करते हुए लिखा, 'भले ही हमारी मुलाकात 'यादा नहीं हुई, लेकिन महान गायक मोहम्मद रफी के प्रति हमारा साझा प्रेम हमें एक-दूसरे के करीब रखता था। मुझे अफसोस है कि मैं आपके हाथ का बनाया खाना खाने और मेहमाननवाजी का आनंद नहीं ले सका। इस जन्म में यह मौका नहीं मिल पाया, लेकिन शायद किसी और सफर में फिर मुलाकात होगी।' अभिनेता रणदीप हुड्डा ने नाना को याद करते हुए कहा, 'जब मैंने पहली बार 'परिंदा' में उन्हें देखा था, तो मुझे ऐसा नहीं लगा कि मैं किसी अभिनेता को देख रहा हूं। मुझे लगा कि पर्दे पर कोई असली इंसान मौजूद है। बाद में जब मैं नाना से मिला, तब भी मेरी यही सोच बनी रही। नाना ऐसे इंसान थे, जो अपने दिल की बात खुलकर रखते थे और दिखावे से दूर रहते थे। वह ईमानदार, निडर और हमेशा अपने सिद्धांतों पर चलने वाले इंसान थे। नाना का अभिनय ऐसा था, जो सामने वाले को अपनी ओर खींच लेता था। उनके व्यक्तित्व में एक अलग तरह की ताकत थी और प्रतिभा की कोई कमी नहीं थी।'

CMYK

page 7_Layout 1 08-10-2026 17:48 Page 1

अमेरिका मध्यावधि चुनाव में बड़ी हार की तरफ रिपब्लिकन पार्टी, घबराए ट्रंप कर सकते हैं बड़ी घोषणाएं, पार्टी में हड़कंप

डेली आवाज भारती



अमेरिका में 3 नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी बुरी तरह से हार सकती है। इस बात से पार्टी में हड़कंप मच गया है और डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ी घोषणा करने के संकेत दिए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मिड-टर्म चुनावों से पहले %बड़े सरप्राइज% देखने को मिल सकते हैं जबकि रिपब्लिकन पार्टी के नेता इस बात से घबराए हुए हैं कि डेमोक्रेट्स संसद पर फिर से कब्जा कर सकते हैं। अगर डेमोक्रेटिक पार्टी मध्यावधि चुनाव जीतती है तो राष्ट्रपति ट्रंप के लिए देश चलाना काफी मुश्किल हो जाएगा।हार के डर से राष्ट्रपति ट्रंप काफी तेजी से कैम्पेनिंग कर रहे है और उनकी आगे भी ताबड़तोड़ रैलियां होने वाली हैं। रिपब्लिकन पार्टी को सबसे बड़ी चिंता उन राज्यों में हारने की है जो उसका गढ़ रहे हैं। कई राज्य रिपब्लिकन पार्टी के हाथ से निकल सकते हैं और अगर ऐसा होता है तो राष्ट्रपति चुनाव जीतना रिपब्लिकन पार्टी के लिए अत्यंत मुश्किल हो जाएगा।

ट्रंप ने मंगलवार को मैरीलैंड के स्पैरोज पॉइंट पर राज्य में अरबों डॉलर के नए डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट के बारे में बात की और कहा कि 3 नवंबर को आपको कुछ ऐसा देखने को मिल सकता है जिसकी आपने उम्मीद नहीं की होगी। ट्रंप ने पूछा %अगले कुछ हफ्तों में कुछ बड़े सरप्राइज आने वाले हैं, है ना रस?% ट्रंप अमेरिका के %ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट% के हेड रसेल वॉट का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा %मेरी नजर में वह हमारे देश के इतिहास के बहुत अहम लोगों में से एक होंगे। वह कुछ बेहतरीन काम कर रहे हैं ट्रंप ने इसके बारे में और कुछ नहीं कहा और वहां मौजूद अपनी कैबिनेट के बाकी सदस्यों का जिक्र करने लगे जिनमें पीट हेगसेथ भी शामिल थे। आपको बता दें कि वॉट डोनाल्ड ट्रंप के बदनाम %प्रोजेक्ट 2025% के सह-लेखक थे और उन्होंने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती छह महीनों में इसे लागू करने के लिए एक ट्रांज़िशन प्लेबुक तैयार की थी। ट्रंप की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब कई संकेत मिल रहे हैं कि लह्वक (रिपब्लिकन पार्टी) मिडटर्म चुनावों को लेकर घबराहट में है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 57त्न मतदाताओं के लिए भोजन, गैसोलीन (पेट्रोल) और बिजली के बढ़ते बिल सबसे बड़ी चिंता हैं। ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीतियों पर भी तीखी बहस चल रही है। फरवरी से ईरान के साथ चल रहे सैन्य संघर्ष ने अमेरिका में ऊर्जा की लागत बढ़ा दी है। रॉयटर्स/इप्सोस के आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 34त्न जनता ही इस संघर्ष के प्रबंधन से संतुष्ट है जिससे रिपब्लिकन उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। रोजगार, इमिग्रेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) रेगुलेशन भी मतदाताओं के फैसले को प्रभावित कर रहे हैं।

पीएम मोदी की दूरदृष्टि ने भारत के डिजिटल क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया: आकाश अंबानी

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड (आरजेआईएल) के चेयरमैन आकाश अंबानी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल उद्योग के विकास को लेकर उनका विजन पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक रहा है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 के दौरान न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में आरजेआईएल के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि जियो का उद्देश्य केवल उपभोक्ताओं को नई सेवाएं उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि भारत को तकनीक का निर्माता बनाना भी है। उन्होंने कहा, ÷डिजिटल उद्योग के लिए प्रधानमंत्री का मिशन हमें लगातार प्रेरित करता है और हमें पहले से कहीं अधिक आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। सबसे बड़ा संदेश यही रहा है कि हमें तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनना है और जियो उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। आकाश अंबानी ने आगे कहा कि कंपनी के लिए यह विशेष अवसर है क्योंकि जियो ने हाल ही में अपने 10 वर्ष पूरे किए हैं। उनके अनुसार, इस दशक में कंपनी ने भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर जियो ने अपने सैटेलाइट कनेक्टिविटी विजन का भी प्रदर्शन किया। कंपनी लगभग 1,600 लो-अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट्स के प्रस्तावित समूह पर काम कर रही है और देशभर में 23 ग्राउंड स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रही है। इसका उद्देश्य उन क्षेत्रों तक इंटरनेट और डिजिटल सेवाएं पहुंचाना है जहां पारंपरिक नेटवर्क स्थापित करना कठिन है। जियो ने इस पहल को %सॉवरेन सैटेलाइट कनेक्टिविटी% के रूप में प्रस्तुत किया, जिसके तहत डिजाइन, इंजीनियरिंग, इंटीग्रेशन, लॉन्च और संचालन सहित पूरी वैल्यू चेन भारत के भीतर बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 के 10वें संस्करण का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का दूरसंचार क्षेत्र अब केवल नेटवर्क और स्पेक्ट्रम तक सीमित नहीं है।

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे पर साधु-संतों ने साधा निशाना, कहा-कपटी लोग श्रीराम तक नहीं पहुंच पाते

डेली आवाज भारती



अयोध्या। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव के गुरुवार को अयोध्या में सपा नेता के यहां आयोजित भागवत कथा में शामिल होने पर साधु-संतों ने कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अच्छी बात है कि सपा मुखिया आ रहे हैं लेकिन कपटी लोग श्रीराम तक नहीं पहुंच पाते हैं। आईएएनएस से बातचीत में हनुमानगढ़ी के पुजारी महंत देवेशाचार्य महाराज ने सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश अयोध्या आ रहे हैं लेकिन रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन करने नहीं जा रहे हैं। महंत देवेशाचार्य महाराज ने कहा कि बहुत प्रसन्नता का विषय है कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अयोध्या की पावन धरती पर आ रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य का विषय यह है कि अयोध्या आकर भी अयोध्या धाम नहीं आ रहे हैं। भगवान रामलला के दर्शन नहीं कर रहे हैं, हनुमान जी महाराज के दर्शन नहीं कर रहे हैं और मां सरयू का आचमन-दर्शन भी नहीं कर रहे हैं। इससे बड़ा दुर्भाग्य इस संसार में और कोई नहीं हो सकता। उन्होंने आगे रामचरितमानस का उल्लेख करते हुए कहा कि जिसके मन में कपट और छल रहता है, वह भगवान के दरबार तक नहीं पहुंच पाता। उन्होंने दावा किया कि अखिलेश यादव के मामले में यह बात सर्वथा सिद्ध होती दिख रही है। वहीं, साकेत भवन के महंत सीताराम दास ने भी अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे को लेकर कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अयोध्या आ रहे हैं लेकिन रामलला के दर्शन नहीं करेंगे। सीताराम दास ने कहा कि इसके पीछे उनकी अपनी राजनीतिक सोच हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक संप्रदाय और एक मत-मजहब के तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले लोग अपने समर्थकों या धार्मिक नेताओं के नाराज होने के डर से रामलला के दर्शन नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने पूर्व में हुई हिंसक घटनाओं का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव और उनके परिवार पर भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को रक्तरंजित किया गया और रामभक्तों पर गोलियां चलाई गईं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के लिए अयोध्या आकर रामलला के दर्शन नहीं करना ही बेहतर है।

दूसरी ओर, बाबरी मस्जिद पक्ष के पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे को लेकर कहा कि अयोध्या भगवान राम की नगरी है और अखिलेश यादव यहां भागवत कथा में शामिल होने आ रहे हैं। चूंकि वे भागवत कथा में शामिल हो रहे हैं, इसलिए उन्हें भगवान राम के दर्शन भी करने चाहिए और सरयू में पवित्र डुबकी भी लगानी चाहिए। अयोध्या आस्था और भक्ति का शहर है।

अजमेर: मोबाइल चोरी के विवाद में दिल्ली से आए जायरीन पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी हिरासत में

अजमेर सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के लिए मशहूर तीर्थनगरी अजमेर में कानून-व्यवस्था को चुनौती देती चाकूबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में दरगाह जियारत के लिए दिल्ली से अजमेर पहुंचे एक जायरीन पर दिनदहाड़े चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया। घटना गंज थाना क्षेत्र की है, जहां वारदात के बाद इलाके में हड़कंप और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दिल्ली से आया पीड़ित जायरीन दरगाह क्षेत्र में मौजूद था, तभी उसका कीमती मोबाइल फोन चोरी हो गया। जायरीन ने जब एक संदिग्ध युवक पर शक जताते हुए उससे अपना मोबाइल वापस मांगा, तो दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आरोपी युवक ने तैश में आकर जेब से धारदार चाकू निकाला और जायरीन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। चाकू के हमले से जायरीन लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा।

एनसीएलटी ने दर्ज किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही प्रदर्शन

चंडीगढ़ बेंच ने 1,079 करोड़ रुपये की 9 समाधान योजनाओं को दी मंजूरी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के दौरान 107 समाधान योजनाओं को मंजूरी देकर अपना अब तक का उच्चतम त्रैमासिक प्रदर्शन दर्ज किया है, जिसमें चंडीगढ़ बेंच ने 1,079.07 करोड़ रुपये की योजनाओं से जुड़ी 9 मंजूरियों का योगदान दिया है।

जुलाई और सितंबर 2026 के बीच स्वीकृत 107 समाधान योजनाएं अपनी स्थापना के बाद से किसी भी तिमाही में अधिकरण द्वारा स्वीकृत की गई सबसे अधिक संख्या हैं। यह आंकड़ा एनसीएलटी के इतिहास में दूसरी तिमाही के दौरान दर्ज की गई मंजूरियों की सबसे अधिक संख्या भी है। चंडीगढ़ बेंच इस प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदानकर्ताओं में से एक बनकर उभरी, जिसने तिमाही के दौरान नौ समाधान योजनाओं को मंजूरी दी। चंडीगढ़ बेंच द्वारा अनुमोदित योजनाओं का संचयी मूल्य 10,79,06,84,000 रुपये या लगभग 1,079.07 करोड़ रुपये था। एनसीएलटी की सभी बेंचों में, तिमाही के दौरान स्वीकृत 107 समाधान योजनाएं 11,000 करोड़ रुपये से अधिक के कुल स्वीकृत योजना मूल्य का प्रतिनिधित्व करती हैं। मुंबई बेंच ने सबसे अधिक 35 योजनाओं को मंजूरी दी, इसके बाद प्रिंसिपल बेंच और नई दिल्ली बेंच ने 29 योजनाओं को मंजूरी दी, जबकि चंडीगढ़ उल्लेखनीय मंजूरियों वाली बेंचों में शामिल रहा। यह नवीनतम प्रदर्शन पिछले वर्षों की समान तिमाहियों की तुलना में पर्याप्त सुधार दर्शाता है। एनसीएलटी ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 60, वित्त वर्ष 2024-25 में 57, वित्त वर्ष 2023-24 में 82, वित्त वर्ष 2022-23 में 47 और वित्त वर्ष 2021-22 में 20 समाधान योजनाओं को मंजूरी दी थी। इसलिए चालू तिमाही का 107 का आंकड़ा अधिकरण द्वारा दर्ज किया गया अब तक का सर्वोच्च त्रैमासिक प्रदर्शन है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में 185 समाधान योजनाओं को मंजूरी दूसरी तिमाही के दौरान 107 मंजूरियों ने, पहली तिमाही में 78 मंजूरियों के बाद, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही के दौरान स्वीकृत एनसीएलटी की कुल समाधान योजनाओं की संख्या को 185 तक पहुंचा दिया है। इसके परिणामस्वरूप एनसीएलटी की विभिन्न बेंचों में स्वीकृत समाधान योजनाओं की संचयी संख्या 30 सितंबर, 2026 तक 1,735 तक पहुंच गई है। इन योजनाओं के तहत कुल स्वीकृत राशि लगभग 4.89 लाख करोड़ रुपये है। अधिकरण का यह प्रदर्शन समाधान योजनाओं की मंजूरी चाहने वाले आवेदनों के निरंतर प्रवाह के बीच आया है। 30 सितंबर तक, 294 समाधान योजनाएं मंजूरी के विचारार्थ लंबित थीं, जबकि अन्य 41 मामलों में आदेश सुरक्षित रख लिए गए थे। इस प्रकार, 335 मामले इन दो चरणों में थे, जो अप्रैल 2026 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोट किए गए मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहे 363 आवेदनों की तुलना में कमी को दर्शाता है।

मथुरा के गुरुकुल में पानी की टंकी हादसा, 4 छात्रों की मौत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश

डेली आवाज भारती



उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के वृंदावन स्थित एक आवासीय संस्कृत गुरुकुल में पानी की टंकी की सफाई के दौरान हुए हादसे में चार छात्रों की मौत हो गई। शुरुआती जांच में टंकी के भीतर जहरीली गैस होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, 6 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे गुरुकुल परिसर में स्थित भूमिगत पानी की टंकी से तेज दुर्गंध आने की शिकायत सामने आई थी। इसके बाद छात्रों ने टंकी की सफाई करने का प्रयास किया। पहले टंकी से पानी निकाला गया और इसके बाद एक छात्र अंदर उतरा। बताया जा रहा है कि जब छात्र वापस नहीं आया तो उसे देखने के लिए चार अन्य छात्र भी टंकी के अंदर उतर गए। इसके बाद सभी की तबीयत बिगड़ गई। एक छात्र किसी तरह टंकी से बाहर निकलने में सफल रहा, लेकिन उसकी हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए रेफर किया गया। हादसे में चार छात्रों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया और प्रशासन को घायल छात्र के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने हादसे पर शोक जताते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वहीं, हादसे के बाद गुरुकुल के संचालन और उसकी मान्यता को लेकर भी सवाल उठे हैं। प्रशासन के अनुसार, संस्थान को आधिकारिक मान्यता प्राप्त थी या नहीं, इसकी जांच की जाएगी। इसी के साथ पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, गुरुकुल में करीब 200 छात्र संस्कृत विषय का अध्ययन करने के लिए अलग-अलग राज्यों से आते हैं। इनमें से करीब 100 छात्र परिसर में रह रहे थे। पुलिस ने घटना को लेकर कहा है कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी। साथ ही, परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अब जांच में इन सवालों के जवाब तलाशे जाएंगे

हादसे की जांच में यह पता लगाया जाएगा कि भूमिगत पानी की टंकी में आखिर किस वजह से जहरीली गैस बनी, छात्रों को टंकी में उतारने से पहले सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं और गुरुकुल का संचालन किन नियमों के तहत किया जा रहा था। मजिस्ट्रियल जांच और पुलिस की जांच से इन सवालों के जवाब सामने आने की उम्मीद है।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने ली जल संचय, ईसरदा बांध और पीएचईडी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक

डेली आवाज भारती



जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को टोंक विजिट के दौरान जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जल संचय- जन भागीदारी अभियान, ईसरदा बांध एवं पीएचईडी प्रोजेक्ट्स प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जल संचय अभियान में जन भागीदारी, ईसरदा बांध निर्माण एवं पेयजल वितरण तथा पीएचईडी विभाग द्वारा संचालित प्रोजेक्ट्स को लेकर किए जा रहे कार्यों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि जल संचय-जन भागीदारी अभियान के तहत कराए जा रहे कार्यों में आमजन, भामाशाह एवं जल उपयोगकर्ता संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जल चौपाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर जल संरक्षण संरचनाओं को प्राथमिकता दी जाए। जिला कलक्टर संबंधित विभागों के साथ अभियान की नियमित समीक्षा कर जल संरक्षण के तहत हुए कार्यों का निरीक्षण करें। वी. श्रीनिवास ने अभियान के तहत टोंक जिले में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वायत्त शासन, वाटर शैड, भूजल एवं वन विभाग द्वारा जल संचय के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन में कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित कर पेयजल परियोजनाओं को हस्तांतरित करने का कार्य किया जाए। प्रदेश के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ईसरदा बांध के निर्माण कार्य एवं पेयजल वितरण की प्रगति और पीएचईडी प्रोजेक्ट की पूर्णता को लेकर मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को इसमें गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बांध निर्माण में भूमि अवाप्ति की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड, जिला कलेक्टर टीना डाबी, पुलिस अधीक्षक रोशन मीना, एडीएम विनोद कुमार मीना, सीईओ राकेश कुमार मीना, मुख्य अभियंता (पीएचईडी) राजसिंह, अधीक्षण अभियंता ईसरदा बांध जितेन्द्र लुहाेि या समेत जल संसाधन, पीएचईडी, स्वायत्त शासन, वाटर शैड, कृषि एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

SIR मामला: 42 पूर्व जजों ने खुला पत्र लिखकर चुनाव आयोग को कमजोर करने की कोशिश पर जताई चिंता

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के 42 पूर्व न्यायाधीशों ने गुरुवार को खुले पत्र में चुनाव आयोग, न्यायपालिका और अन्य संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के लिए चलाए जा रहे कथित अभियान पर गंभीर चिंता जताई। पूर्व न्यायाधीशों ने बिना ठोस सबूत के 'वोट चोरी' के आरोप लगाए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को बार-बार 'चोर' और 'समझौता किया हुआ' बताने से लोकतंत्र में जनता का भरोसा कमजोर होने का खतरा है। खुले पत्र में कहा गया, ÷संस्थाओं की आलोचना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उन्हें बदनाम करना नहीं।÷ पत्र पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हेमंत गुप्ता और पंकज मित्तल समेत अन्य पूर्व न्यायाधीशों ने हस्ताक्षर किए हैं। पूर्व न्यायाधीशों ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का बचाव करते हुए कहा कि यह मतदाता सूचियों को स्वच्छ और सटीक बनाए रखने के उद्देश्य से किया जाने वाला कानूनी रूप से स्थापित अभ्यास है।

पत्र में कहा गया कि ÷विश्वास लोकतंत्र की मुद्रा है।÷ साथ ही चेतावनी दी गई कि चुनावों को अवैध या अविश्वसनीय साबित करने की कोशिशें अशांति को बढ़ावा दे सकती हैं और अराजक तत्वों को प्रोत्साहित कर सकती हैं।

खुले पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में तीन पूर्व हाई कोर्ट मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर और दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बी.सी. पटेल, कर्नाटक हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुधो कमल मुखर्जी और सिक्किम हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश परमोद कोहली शामिल हैं। इसके अलावा कई हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीशों के साथ-साथ वैधानिक निकायों और नियामक संस्थाओं के पूर्व सदस्य भी पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल हैं। यह पत्र ऐसे समय सामने आया है, जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष में साहस है तो उसे उन सीटों से इस्तीफा दे देना चाहिए, जिन पर वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराए गए चुनावों के जरिए जीता है। राहुल गांधी ने बुधवार को एक बार फिर जंतर-मंतर की ओर मार्च का नेतृत्व किया था।

लोकतंत्र बचाने के लिए 'करो या मरो' की लड़ाई, ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना होगा : कांग्रेस

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लगातार दूसरे दिन इंडिया गठबंधन के नेताओं के लिए लंच का आयोजन किया। इस मौके पर पार्टी ने गुरुवार को कहा कि विपक्ष लोकतंत्र, वोटरों और देश के आम लोगों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहा है। यह घटनाक्रम मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जारी विपक्ष के प्रदर्शन के बीच हुआ है। खड़गे ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के एक रेस्तरां में इंडिया गठबंधन के नेताओं के लिए लंच का आयोजन किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष की लड़ाई लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा, ÷हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए यहां हैं। हम यही कर रहे हैं। देश के मतदाताओं और आम लोगों की रक्षा के लिए यह हमारे लिए 'करो या मरो'की लड़ाई है। हमारा सीधा मकसद मतदाताओं और आम लोगों की रक्षा करना है। वेणुगोपाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने विपक्षी गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात का अनुरोध पहले ही कर दिया था। उन्होंने कहा, ÷हमने राष्ट्रपति से उनके और इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं के बीच बैठक के लिए पहले ही अनुरोध किया है। पहला अनुरोध 2 अक्टूबर को भेजा गया था वेणुगोपाल ने बताया कि इसके बाद राष्ट्रपति भवन ने विपक्ष से उन नेताओं के नाम मांगे जो प्रस्तावित बैठक में शामिल होंगे। हमने इंडिया ब्लॉक के सभी नेताओं को शामिल किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मारपीट और बदसलूकी के आरोपों में दर्ज एफआईआर पर वेणुगोपाल ने दिल्ली पुलिस पर विरोध कर रहे विपक्षी नेताओं के खिलाफ जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमने जंतर-मंतर पर बहुत शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। सरकार ने यह जगह विरोध-प्रदर्शन के लिए तय की है। परसों, जब हम ईसीआई दफ्तर के बाहर विरोध करने गए, तो उन्होंने हमें रोक दिया। वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ पांच सांसदों के साथ बैठे थे। हम विरोध करना चाहते थे और ऐसी जगह मांग रहे थे जहां हम विरोध कर सकें। इसलिए, उन्होंने हमें जंतर-मंतर जाने को कहा। वहां भी उन्होंने (सरकार ने) हमें रोक दिया। आप देख ही रहे हैं। कल उन्होंने पूरी दिल्ली पुलिस तैनात कर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई में उन छात्रों, युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया जो विरोध प्रदर्शन में शामिल थे। वेणुगोपाल ने कहा कि वे हमारे छात्रों और युवाओं पर हमला कर रहे हैं। और जब हमारे कार्यकर्ता घायल हुए, तब विपक्ष के नेता इसमें शामिल हुए। अब आप यह सब कह रहे हैं। दिल्ली पुलिस का तरीका बहुत बेरहम था। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी अधिकारियों की आलोचना करते हुए कहा कि चुने हुए जन-प्रतिनिधि होने के बावजूद विपक्षी नेताओं को चुनाव आयुक्तों से मिलने से रोका गया। हुड्डा ने कहा कि हम परसों चुनाव आयोग जाना चाहते थे। हम चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते थे; हम चुने हुए जन-प्रतिनिधि हैं, लेकिन हमें मिलने नहीं दिया गया। इसके बाद विपक्ष ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने का फैसला किया, लेकिन आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों को फिर से विरोध करने के उनके अधिकार का इस्तेमाल करने से रोका गया। हुड्डा ने कहा कि कल हम जंतर-मंतर जाना चाहते थे। हम जंतर-मंतर पर धरना देना चाहते थे क्योंकि हमें मिलने नहीं दिया गया था।

CMYK

page 8_Layout 1 08-10-2026 21:50 Page 1

सिंगर दिलजीत के इंडिया टूर से पहले घर के पास लिखे 'खालिस्तानी' नारे

पुलिस मामले की जांच में जुटी



पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ के 'रुपे ऑरा इंडिया टूर 2026' से पहले उनके गांव दोसांझ कलां में एक दीवार पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने का मामला सामने आया है। बुधवार देर रात कुछ लोगों ने एक घर की दीवार पर स्प्रे से 'खालिस्तान जिंदाबाद' समेत अन्य बातें लिख दीं। शुरुआत में इस घर को दिलजीत दोसांझ का बताया जा रहा था, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि दीवार उनके पड़ोसी मुख्तियार के घर की है। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

- आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है
- देररात 1.30 बजे कुछ लोगों की आवाजाही से हुआ शक
- घर के अंदर तक स्प्रे की गंध पहुंची, जिससे नींद खुल गई
- दीवार खराब होने से करीब 5 से 7 हजार रु का नुकसान

रात करीब डेढ़ बजे दीवार पर लिख रहे थे लोग

घर के मालिक मुख्तियार ने बताया कि बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे कुछ लोगों की आवाजाही से उन्हें शक हुआ। घर के अंदर तक स्प्रे की गंध पहुंची, जिससे उनकी नींद खुल गई। जब उन्होंने बाहर जाकर आरोपियों को डांटा तो वे वहां से भाग गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अपने चेहरे ढके हुए थे। बाद में जब उन्होंने दीवार को देखा तो 'खालिस्तान' से जुड़े नारे लिखे हुए थे और नीचे दिलजीत दोसांझ का नाम भी लिखा गया था।

'शायद पता नहीं था कि दिलजीत का घर नहीं'

मुख्तियार ने कहा कि आरोपियों को शायद यह पता नहीं था कि जिस घर की दीवार पर वे नारे लिख रहे हैं, वह दिलजीत दोसांझ का घर नहीं है। उन्होंने बताया कि दिलजीत का घर दूसरी तरफ रोड पर है। बिना किसी वजह के उनकी दीवार खराब कर दी गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। मुख्तियार ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी करते हैं और दीवार खराब होने से उन्हें करीब 5 से 7 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

पुलिस खंगाल रही आसपास के सीसीटीवी फुटेज

पुलिस ने पुष्टि की है कि जिस घर की दीवार पर नारे लिखे गए हैं, वह मुख्तियार का है। पुलिस आसपास लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक कर रही है, ताकि रात के समय वहां पहुंचे लोगों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि फिलहाल घटना को लेकर कुछ भी कन्फर्म नहीं है। ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि दीवार पर नारे लिखने वाले लोग कौन थे और इस घटना के पीछे उनकी क्या मंशा थी।

1 नवंबर से शुरू होगा दिलजीत का इंडिया टूर

दिलजीत दोसांझ का 'रुपे ऑरा इंडिया टूर 2026' 1 नवंबर से दिल्ली-हृष्टक्रके जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होने जा रहा है। इसके बाद वह देश के अलग-अलग प्रमुख शहरों में लाइव कॉन्सर्ट करेंगे। 15 नवंबर को इंदौर, 21 नवंबर को अहमदाबाद, 27 नवंबर को मुंबई, 29 नवंबर को बेंगलुरु और 5 दिसंबर को लखनऊ में कार्यक्रम हैं। टूर का अंतिम शो चंडीगढ़ में होना है, हालांकि अंतिम तारीख का ऐलान अभी नहीं किया गया है।

अमरजीत चावला के खिलाफ SIT बनीः फरीदकोट एसएसपी करेंगे लीड



अमृतसर। पंजाब सरकार ने पूर्व SGPC सदस्य अमरजीत सिंह चावला के खिलाफ दर्ज कथित रेप के गंभीर मामले की जांच के लिए 3 सदस्यों की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई है। इस मामले की जांच के लिए स्ढ्ढञ्ज को फरीदकोट स्स्कगुरबंस बैंस लीड करेंगे, जबकि टीम में स्स्क विजिलेंस सिमरनजीत लंग और ष्ठस्क करण संधू शामिल हैं।

ईडी ने पूर्व डीआईजी हरचरण भुल्लर को प्रोडक्शन वारंट पर लिया



चंडीगढ़। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे पंजाब पुलिस के पूर्व DIG हरचरण सिंह भुल्लर की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) ने मनी लॉन्ड्रिंग और फाइनेंशियल हेराफेरी की जांच के लिए कोर्ट से भुल्लर का प्रोडक्शन वारंट हासिल कर लिया है। अब केंद्रीय जांच एजेंसी ED इस मामले में बिना हिसाब-किताब वाली संपत्ति और फाइनेंशियल लेन-देन की पूरी जांच करेगी।

इथियोपिया के विदेश मंत्री की दोबारा नियुक्ति पर एस. जयशंकर ने दी बधाई

डेली आवाज भारती



आबिदजान। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गेदियोन टिमोथेवोस हेसेबोन को दोबारा इथियोपिया का विदेश मंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि वे भारत-इथियोपिया रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए जल्द ही उनसे मुलाकात की उम्मीद करते हैं। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबिय अहमद अली ने अपनी नई कैबिनेट में गेदियन टिमोथिवोस हेसेबोन को दोबारा विदेश मंत्री नियुक्त किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पोस्ट कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, इथियोपिया के विदेश मंत्री के तौर पर फिर से नियुक्ति के लिए गेदियन टिमोथिवोस हेसेबोन को बधाई। हमारी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद है। सोमवार को इथियोपिया की संसद (एचओपीआर) ने नई संघीय सरकार का गठन किया। सत्ताधारी प्रॉस्पेरिटी पार्टी (पीपी) ने अबिय अहमद अली को दोबारा प्रधानमंत्री पद के लिए चुना। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव के दौरान प्रॉस्पेरिटी पार्टी (पीपी) ने एचओपीआर की 486 सीटों में से 438 सीटों पर जीत हासिल की और दूसरे कार्यकाल के लिए संघीय कार्यकारी शाखा बनाने के लिए जरूरी संसदीय बहुमत प्राप्त किया। विदेश मंत्री जयशंकर कोटे डी आइवर की अपनी मौजूदा यात्रा पूरी करने के बाद इथियोपिया की यात्रा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर इथियोपिया के नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा करेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, वह अदीस अबाबा में क्षेत्रीय मिशन प्रमुखों (एचओएम्स) के सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अफ्रीकी संघ के साथ अपने रिश्तों को नया आयाम दिया है। अफ्रीकी देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इसके लिए आभार जताते रहे हैं।

एलपीयू छात्रा ने सुनी-सुनाई बातों पर अपलोड की थी रेप की पोस्ट, हाईकोर्ट ने कहा-इसके पीछे कौन, पता लगाएं

- छात्रा का कहना- उसका उद्देश्य केवल सोशल मीडिया पर अपनी राय रखना था

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः एलपीयू में 26 सितंबर को हुई हिंसा के मामले में पुलिस जांच में बहुत बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने उस रेडिट पोस्ट के सोर्स का पता लगा लिया है, जिसके बाद यूनिवर्सिटी में एक छात्रा से रेप की सूचना को लेकर स्टूडेंट्स में रोष फैल गया था। पुलिस के मुताबिक, यह पोस्ट स्क्की फर्स्ट ईयर की एक छात्रा ने अपलोड की थी। छात्रा ने स्ढ्ढञ्ज के सामने कहा कि उसने यह पोस्ट सुनी-सुनाई बातों के आधार पर लिखी थी। उसका कहना है कि उसका उद्देश्य केवल सोशल मीडिया पर अपनी राय रखना था। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी। उधर, इस मामले पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसी पोस्ट अचानक हिंसा भड़का सकती है और इससे जान-माल का नुकसान हो सकता है। क्या सिर्फ झूठी पोस्ट करने वाले व्यक्ति को ही जिम्मेदार माना जाए या फिर उस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करने के लिए भी कोई व्यवस्था होनी चाहिए, जहां से ऐसी जानकारी फैली। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच सिर्फ पोस्ट अपलोड करने वाले तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि फर्जी जानकारी के पीछे कौन था।

दिनदहाड़े लूट से लुधियाना में मचा हड़कंप

आढ़ती से 15 लाख कैश और कार लूटकर फरार हुए बदमाश

- लुधियाना के खन्ना में दिनदहाड़े लूट की बड़ी वारदात आई सामने
- अमलोह के भद्दलथूहा गांव में आढ़त का कारोबार करता आढ़ती
- एसएचओ हरविंदर सिंह ने की लूट की पुष्टि, मामले की जांच कर रही

डेली आवाज भारती



खन्ना। लुधियाना के खन्ना में दिनदहाड़े लूट की बड़ी वारदात सामने आई है। जहां दो लुटेरों ने एक आढ़ती को गनपॉइंट पर लेकर 15 लाख रुपये कैश और उसकी वेन्यू कार लूट ली। पुलिस के मुताबिक, लूट का शिकार हुआ आढ़ती अमलोह के गांव भद्दलथूहा में आढ़त का कारोबार करता है और खन्ना में भी पैसों का लेन-देन करता है। साह हरविंदर सिंह ने लूट की पुष्टि की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, आढ़ती धान के सीजन के चलते किसानों को फसल का भुगतान करने के लिए खन्ना के ॥ष्ठस्नष्ट बैंक से 15 लाख रुपये निकलवाकर लाए थे। बैंक से कैश लेकर जैसे ही वह अपनी वेन्यू कार में बैठे, तभी दो लुटेरे वहां पहुंच गए। उन्होंने आढ़ती के माथे पर पिस्टल तान दी और गोली मारने की धमकी देकर 15 लाख रुपये कैश छीन लिया।

आढ़ती को गाड़ी से बाहर फेंक कर फरार

इसके बाद लुटेरों ने आढ़ती की वेन्यू कार भी लूट ली और उन्हें गाड़ी से बाहर फेंककर फरार हो गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, लुटेरों के मंडी गोबिंदगढ़ की तरफ भागने की सूचना मिली है। वारदात के बाद पुलिस ने लुधियाना से बाहर जाने वाले रास्तों पर नाकाबंदी कर दी है। सिटी थाना-1 और CIA स्टाफ की कई टीमें लुटेरों की तलाश में जुटी हुई हैं।

जालंधर में सट्टेबाजी के अड्डे पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, रेड के दौरान 14 लोगों को किया अरेस्ट

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कथित सट्टेबाज मोनू के घर पर दबिश दी

- घर से कंप्यूटर, 4 मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य सामान जब्त किया गया
- तस्वीर में घर के अंदर जांच और सामान एकत्रित करती नजर आई पुलिस टीम

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर के फगवाड़ा गेट इलाके में सट्टेबाजी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कथित सट्टेबाज मोनू के घर पर दबिश दी। पुलिस की अचानक कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। रेड के दौरान पुलिस ने घर से कंप्यूटर, 4 मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य सामान बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम ने सट्टेबाजी की सूचना मिलने के बाद घर पर रेड की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से कई सामान अपने कब्जे में लिए। सामने आई तस्वीरों में पुलिस टीम घर के अंदर जांच करती हुई और सामान एकत्रित करती नजर आ रही है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मौके से 14 लोगों को राउंडअप किया है। काबू किए गए कई नौजवान पुलिस टीम के साथ जाते समय अपना चेहरा छिपाते हुए नजर आए। पुलिस के मुताबिक, सभी को पूछताछ के लिए थाने ले जाया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर जगदीश लाल ने बताया कि काबू किए गए लोगों को थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मीडिया के सवालों पर जांच का दिया हवाला

रेड के दौरान कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारियों से जब मीडिया ने सवाल किए तो शुरुआत में अधिकारी जांच का हवाला देते हुए जानकारी देने से बचते नजर आए। घर में रेड और राउंडअप किए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर बार-बार पूछे जाने के बाद पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके पर दड़ा-सट्टे की पर्चियां का काम चलने की जानकारी सामने आई है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस : यदि दयालुता हमारा स्वभाव है, तो हिंसा कहां से आती है ?

डेली आवाज भारती



- विश्व के सामने मानसिक स्वास्थ्य सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक
- विकासशील या विकसित, युद्धग्रस्त क्षेत्र हो या शांतिपूर्ण समाज

जालंधर/जतिनः आज दुनिया में होने वाली आधी से अधिक हिंसा के पीछे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियाँ हैं। मानसिक स्वास्थ्य विश्व के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। विकासशील हो या विकसित देश, युद्धग्रस्त क्षेत्र हो या शांतिपूर्ण समाज- यह हम सभी को प्रभावित करता है। यह अत्यंत चिंताजनक है कि हर 42 सेकंड में एक व्यक्ति अपना जीवन समाप्त कर रहा है। असंख्य युवा या तो आक्रामक और हिंसक होते जा रहे हैं या फिर अवसाद में जा रहे हैं। भारत अपनी आध्यात्मिक परंपरा के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संकट से निपटने में विश्व की बड़ी सहायता कर रहा है। सामान्यतः न तो घर में और न ही विद्यालय में हमें अपनी भावनाओं को संभालना सिखाया जाता है। कभी-कभी अकेलापन महसूस करना स्वाभाविक है; धन, परिवार और मित्र होने पर भी व्यक्ति भीतर से उदास या अकेला अनुभव कर सकता है। आज मानसिक स्वास्थ्य के एक बड़े संकट के रूप में सामने आ रहा यह अकेलापन इसलिए है, क्योंकि हमने स्वयं के साथ रहना और अपने भीतर शांत रहना सीखा ही नहीं है। यदि हम यह सीख लें, तो हमारे भीतर का आनंद हमारे आसपास के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचने लगेगा। यहाँ हमारी श्वास स्वस्थ मन की कुंजी है। स्वस्थ मन के क्या लक्षण हैं? आपके चेहरे पर ऐसी मुस्कान, जिसे कोई आपसे छीन न सके; और अपने भीतर ऐसा आत्मविश्वास कि आप किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। स्वस्थ मन वह है, जो आलोचना को स्वीकार कर सके और स्वस्थ एवं रचनात्मक आलोचना करने का साहस भी रखे। यह निर्भय होने के साथ-साथ विनम्र बने रहने की क्षमता है। हर भावना का संबंध हमारी श्वास से भी है। जब हम उदास होते हैं, तब हमारी श्वास का ढंग अलग होता है और जब हम प्रसन्न होते हैं, तब उसका ढंग अलग होता है।

UPI पर चार्ज अगले साल तक टल सकता है

दावा- फेस्टिव सीजन में UPI पेमेंट फ्री रहेगा

डेली आवाज भारती

यूपीआई पर चार्ज लगाने का नियम फिलहाल टल सकता है। केंद्र सरकार 15 अक्टूबर से 2000 से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर 0.4त्न चार्ज लगाने का नियम लागू करने वाली थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि सरकार अगले साल 1 जनवरी से नया नियम लागू करने पर विचार कर रही है। ऐसा हुआ तो फेस्टिव सीजन में दुकानदारों और पेमेंट कंपनियों को छूट दी जा सकती है यानी यूपीआई ट्रांजैक्शन फ्री रहेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन के दौरान दुकानदारों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े इसलिए सरकार 0.4त्न मर्चेंट शुल्क लागू करने की तारीख को आगे बढ़ाने का मन बना रही है। सरकार की ओर से आधिकारिक फैसला अगले कुछ ही दिनों में सामने आ सकता है। यूपीआईपर मर्चेंट चार्ज टलने की खबर का सीधा असर शेयर बाजार में लिस्टेड फिनटेक कंपनियों के शेयरों पर देखा। ट्रेडिंग के दौरान पेटीएम का शेयर एक वक्त 10त्न तक टूटकर ` 1,561 के निचले स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, बाजार बंद होते-होते इसमें थोड़ा सुधार हुआ और यह 5.42त्न की गिरावट के साथ ` 1,640 पर बंद हुआ।

- 15 अक्टूबर से लागू होना था 0.4 प्रतिशत चार्ज का नियम

मोबिक्विक, पाइन लैब्स और अन्य फिनटेक शेयर भी गिरे

मोबिक्विकः दिन के कारोबार में इसका शेयर 8.43त्न गिरकर ` 235 तक चला गया था, लेकिन मार्केट क्लोज होने पर 4.57त्न की टूट के साथ 245 पर बंद हुआ।

पाइन लैब्सः शेयर ` 169 के निचले स्तर को छूने के बाद 4.39त्न की गिरावट लेकर ` 170 पर बंद हुआ। NPST: इस कंपनी का शेयर भी 3.39त्न गिरकर ` 1,791.30 पर बंद हुआ।

UPI MDR चार्ज के नए नियम और व्यापारियों पर असर बड़े व्यापारियों पर 0.4त्न चार्जः महीने में 1 लाख से ज्यादा कमाने वाले व्यापारियों को 2,000 से ज्यादा के हर पेमेंट लेने पर 0.4% MDR+GST देना होगा। GST, स्ढ्ढञ्ज चार्ज का 18त्न लगेगा।

छोटे व्यापारियों को राहतः जिन व्यापारियों की महीने में UPI से कुल कमाई 1 लाख तक है, उन पर कोई चार्ज नहीं लगेगा, चाहे ट्रांजैक्शन 2,000 से ज्यादा ही क्यों न हो। कैटेगरी बदलने का नियमः अगर कोई छोटा दुकानदार लगातार 3 महीने तक ` 1 लाख से ज्यादा यूपीआई कलेक्शन लेता है, तो बैंक उसे ऑटोमेटिक बड़े मर्चेंट (पर्सन-टू-मर्चेंट) की कैटेगरी में शिफ्ट कर देंगे। फिर उसे भी चार्ज देना होगा। 2,000 तक की बिक्री फ्रीः बड़े व्यापारियों को भी ` 2,000 या उससे कम के छोटे पेमेंट्स पर कोई फीस नहीं देनी होगी। मैक्सिमम चार्ज की लिमिटः 75,000 या उससे बड़े ट्रांजैक्शन पर मर्चेंट से मैक्सिमम ` 300+GST ही चार्ज लिया जाएगा। लिमिट हर ट्रांजैक्शन पर लागूः 2,000 की लिमिट पूरे दिन की कुल बिक्री पर नहीं, बल्कि हर एक पेमेंट पर देखी जाएगी। खास सेक्टर्स के लिए सिर्फ 5 की फ्लैट फीसः पेट्रोल पंप, रेलवे, बिल पेमेंट, टेलीकॉम, इंश्योरेंस और एजुकेशन से जुड़े व्यापारियों को 2,000 से ज्यादा के पेमेंट पर 0.40% के बजाय फ्लैट ` 5 देना होगा।

अगली अकाली दल सरकार मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के अलावा प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 25 लाख रूपये का चिकित्सा बीमा सुनिश्चित करेगी : सरदार सुखबीर सिंह बादल

डेली आवाज भारती

मुख्यमंत्री को क्लीन चिट के दावे को चुनौती देते हुए पूछा कि यदि ओएसडी राजबीर घुम्मण और उनके रिश्तेदार अमरदीप ग्रेवाल बेदाग थे तो सीबीआई से भाग क्यों गए?



संगरूर/चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज घोषणा की है कि अगली अकाली दल सरकार राज्य में सभी छात्रों को स्नातक स्तर पर मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगी और साथ ही प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 25 लाख रूपये का चिकित्सा बीमा सुनिश्चित करेगी। अकाली दल अध्यक्ष ने पार्टी के पंजाब बचाओ अभियान के तहत लहरागागा की बलविंदर कौर नगर परिषद लहरागागा, और खनौरी से सतगुर सिंह बांगर द्वारा आयोजित लहरागागा और खनौरी में विशाल रैलियों को संबोधित करते हुए कहा,'' अकाली दल का पूरा विश्वास है कि अपने नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना राज्य की जिम्मेदारी है। हम न केवल सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में स्नातक स्तर तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करेंगें , बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगें कि सभी निजी स्कूल और कॉलेज कम से कम 50 फीसदी गरीब छात्रों को अपने यहां दाखिला प्रदान कर सकें।'' यह कहते हुए कि आम आदमी पार्टी ने पंजाबियों को धोखा दिया है, सरदार सुखबीर सिंह बादल ने कहा,'' उन्होने न केवल बे` पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है, बल्कि राज्य कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमराने की अध्यक्षता भी की है।'' उन्होने मुख्यमंत्री भगवंत मान का उपहास उ ाते हुए कहा कि उनके कार्याल पर छापा मारने वाली सीबीआई टीम को कुछ भी नही मिला है। उन्होने कहा,'' यह बेहद शर्मनाक है कि भगवंत मान को अफसोस नही है कि उनके कैंप कार्यालय पर सीबीआई द्वारा छापा मारा गया है। उनके ओएसडी पर करो ें रूपये लेकर पोस्टिंग और तबादले ऑर्डर वितरित करने का आरोप है।'' इस मामले की सच्चाई सामने आने में बस कुछ ही समय बाकी है, ऐसा कहते हुए सरदार बादल ने कहा, अगर राजबीर घुम्मण और अमरदीप ग्रेवाल जिन्होने मुख्यमंत्री की पत्नी गुरप्रीत कौर मान के साथ एक सीरियल बलात्कारी की 5 करोड़ रूपये की डील करवाई थी वे निर्दोष हैं तो उनके पास भागने का कोई कारण नही है। उन्हें सीबीआई और ईडी के सामने पेश होना चाहिए।''